# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 30 सितंबर 2025










## खबर संक्षेप

### संघ के शताब्दी वर्ष पर सिक्का जारी करेंगे पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। साल 1925 में विजयादशमी के दिन स्थापित आरएसएस बृहस्पतिवार को अपने 100 वर्ष पूरे कर लेगा।

### दो कारों की टक्कर में पांच की मौत

**कुरुक्षेत्र।** यहां से आठ किलोमीटर दूर कैथल-कुरुक्षेत्र मार्ग पर सोमवार की सुबह दो कारों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रवीण (स्वराज का पुत्र), पवन और राजेंद्र (बाल किशन के पुत्र), उर्मिला (पवन की पत्नी) और सुमन (संजय की पत्नी) के रूप में हुई है।

### वाईएसआरसीपी सांसद रेड्डी को मिली जमानत



**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश की पूर्ववर्ती वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार के शासन काल में कथित तौर पर हुए 3200 करोड़ रुपए के शराब घोटाले के मामले में अदालत ने राजमपेट से लोकसभा सदस्य पी वी मिधुन रेड्डी को सोमवार को जमानत दे दी।

### 2.5 करोड़ की हेरोइन जब्त, दो गिरफ्तार

**जोवाई/इंफाल।** मेघालय के पश्चिमी जयंतिया हिल्स जिले में 2.5 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन बरामद होने पर मणिपुर निवासी दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने कहा कि मादक पदार्थों की बरामदगी उन गंभीर मुद्दों को उजागर करती है जो राज्य की सीमाओं से परे हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

### बस और ट्रक की टक्कर में तीन की मौत



**बोटाद।** गुजरात के बोटाद जिले में सोमवार तड़के एक निजी बस के सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग 20 अन्य घायल हो गए। बस जिले के रानपुर तालुका से पर्यटकों को लेकर आ रही थी, तभी पलियाद कस्बे के पास खड़े ट्रक से टकरा गई। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और लगभग 20 लोग घायल हो गए।

---

भारत ने जीता एशिया कप, लेकिन अब ट्रॉफी लेने से इंकार पर घमासान

# 'मेरी ट्रॉफी मेरी मर्जी', नकवी को बीसीसीआई का अल्टीमेटम, वापस करो एशिया कप ट्रॉफी

- एसीसी अध्यक्ष नकवी ट्रॉफी लेकर मैदान से चले गए
- भारत को नहीं मिली ट्रॉफी

*भारत ने एशिया कप का खिताब जीता, लेकिन जीत के जश्न में ट्रॉफी नहीं मिली। पाकिस्तानी गृह मंत्री और एशियन क्रिकेट काउंसिल के प्रमुख मोहसिन नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से भारतीय टीम ने इंकार कर दिया। नकवी ट्रॉफी लेकर मैदान से चले गए, जिसके बाद बीसीसीआई ने नकवी को अल्टीमेटम दिया है और आईसीसी से शिकायत करने की बात कही है।*



एजेंसी ⏭ दुबई

एक अभूतपूर्व घटनाक्रम में पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में भारतीय क्रिकेट टीम को एशिया कप ट्रॉफी देने से इंकार कर दिया क्योंकि भारतीय टीम ने उनसे ट्रॉफी लेने से इंकार कर दिया था। रविवार को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर भारत ने रोमांचक फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर एशिया कप जीता लेकिन उसके बाद 90 मिनट तक पूरी तरह से नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला। भारतीय खिलाड़ी तुरंत मैदान पर आ गए थे और कुछ के साथ उनके परिवार भी थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव की पत्नी देविशा, मुख्य कोच गौतम गंभीर की पत्नी नताशा और बेटियां भी मैदान पर थे और सभी बहुत खुश दिख रहे थे। भारतीय टीम से 20 . 25 गज की दूरी पर एसीसी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन ⏭ शेष पेज 6 पर

### ट्रॉफी पर टीम इंडिया का हक

एशिया कप 2025 की ट्रॉफी पर भारत का हक है, ये कोई यूं ही नहीं दे रहा बल्कि टीम इंडिया ने इसके लिए कड़ी मेहनत की और सभी प्रतिद्वंदी टीमों को हराया। किसी को भी हक नहीं है कि वह ट्रॉफी अपने साथ ले जा सके। अगर भारतीय प्लेयर्स मोहसिन नकवी से हाथ नहीं मिलाना चाहते, उनसे ट्रॉफी नहीं लेना चाहते और इसको लेकर कोई नियम भी नहीं है तो इसमें कोई खराबी नहीं है, लेकिन किसी टीम से उनकी जीती हुई ट्रॉफी का हक छीनना, वो ट्रॉफी अपने साथ ले जाना, ये बहुत ही गलत बात है।



### आईसीसी का नियम?

आईसीसी आचार संहिता के अंतर्गत आ सकता है लेकिन इसको लेकर कोई विशिष्ट नियम नहीं बना हुआ है। ये क्रिकेट की भावना के खिलाफ आ सकता है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को बताना पड़ेगा कि उन्होंने ट्रॉफी क्यों नहीं ली, फिर टूर्नामेंट की संस्था एसीसी या आईसीसी आईसीसी किसी कार्रवाई पर निर्णय लेगी।

### 9वीं बार जीता खिताब

भारतीय क्रिकेट टीम ने रिकॉर्ड नौवीं बार एशिया कप 2025 का खिताब जीता है। भारतीय टीम से ज्यादा किसी भी दूसरी टीम ने इस ट्रॉफी को नहीं जीता है। श्रीलंका की बात करें तो उसने 6 बार ट्रॉफी जीती है। पाकिस्तान की टीम आजतक इस खिताब को सिर्फ 2 बार जीत पाई है।

### कड़ा विरोध दर्ज करेगा बीसीसीआई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड नवंबर में होने वाली एसीसी की बैठक में एसीसी प्रमुख और पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज करेगा। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने इसको लेकर कहा कि भारत उस व्यक्ति से ट्रॉफी नहीं ले सकता।

### इधर, सूर्यकुमार बोले- देश के नेता फ्रंटफुट पर बैटिंग कर रहे हैं

एशिया कप में भारत की जीत की गूंज इतनी तेज थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी खुद को अपनी भावनाएं व्यक्त करने से नहीं रोक पाए। उन्होंने पाकिस्तान को रौंदने के बाद एक गजब ट्वीट किया, जिससे पाकिस्तानियों को मिर्ची लग गई। अब पीएम मोदी के बयान पर खुद भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एक बड़ा बयान दिया है। पीएम मोदी ने भारत की जीत को 'ऑपरेशन सिंदूर' से जोड़ा था। सूर्यकुमार यादव ने कहा कि देश के नेता का 'फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी' करना बहुत अच्छा लगता है। उन्हें लगा जैसे पीएम मोदी ने खुद स्ट्राइक ली और रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने पीएम मोदी के पोस्ट पर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब देश का नेता खुद सामने आकर समर्थन करता है, तो खिलाड़ियों को बहुत प्रेरणा मिलती है। सूर्यकुमार ने यह भी बताया कि पूरा देश इस जीत का जश्न मना रहा है।

---

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट

# कैबिनेट आज, नए सीएस विकासशील का होगा स्वागत, जैन की विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- राज्य से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर फैसला संभव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सोमवार 30 सितंबर को होने वाली राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ के नए मुख्य सचिव विकासशील का स्वागत होगा। इसी दिन वे अपना नया कार्यभार ग्रहण करेंगे। इसके साथ ही निवृतमान मुख्यसचिव अमिताभ जैन को कैबिनेट की ⏭ शेष पेज 6 पर





### विकास शील होंगे छत्तीसगढ़ के 13वें मुख्य सचिव

विकास शील, जो कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1994 बैच के अधिकारी हैं, राज्य के 13वें मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगे। बताया गया है कि विकासशील 30 सितंबर को ही केंद्र सरकार से प्रतिनियुक्ति से लौटेंगे और उसी दिन कार्यभार ⏭ शेष पेज 6 पर

---

शहरी नेटवर्क को भी कर रहे ध्वस्त

# गृहमंत्री शर्मा बोले- सीजफायर नहीं नक्सली सरेंडर करें, स्वागत होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के युद्धविराम को लेकर जारी किए गए पत्र को भ्रामक बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो नक्सली आत्मसमर्पण करना चाहते हैं, उनका स्वागत है, लेकिन कोई सीजफायर नहीं होगा। इधर छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को कहा, युद्धविराम की कोई योजना नहीं है। नक्सलियों के पत्र में जो भाव है कि बस्तर में खून खराबा बंद होना चाहिए, अगर कोई ऐसा सोचता है, तो उसे जल्दी निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा, नक्सली सरेंडर करें, हम लाल कार्पेट बिछाकर स्वागत करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि ⏭ शेष पेज 6 पर



### फंडिंग अब कम

गृहमंत्री ने नक्सलियों की फंडिंग पर कहा, उनके पास मिलने वाला पैसा करीब 80 प्रतिशत कम हो गया है। इसके बावजूद कुछ राशि बाकी है, जिसका उपयोग वे सक्रिय रहने के लिए कर रहे हैं।

---

# महिला कमांडोज ने रचा इतिहास फतह किया माउंट नुन



**नई दिल्ली।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 14 वीरांगनाओं ने लद्दाख की 7,135 मीटर ऊंची माउंट नुन चोटी पर विजय हासिल कर एक नया कीर्तिमान रचा है। अब इनका अगला लक्ष्य दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट (8,848 मीटर) को फतह करना है। अगस्त में हुई इस ऐतिहासिक चढ़ाई का नेतृत्व 56 वर्षीय असिस्टेंट कमांडेंट (जनरल ड्यूटी) भवनीता ने किया। उन्होंने बताया कि मुख्यालय से आदेश मिला था कि केवल महिला टीम बनाई जाए। इसके लिए 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की उन महिलाओं को चुना गया जिन्होंने एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स पूरा किया था।

### अगला लक्ष्य माउंट एवरेस्ट

भवनीता ने कहा, 'टीम चुनने के बाद हम लेह-कारगिल गए। 15 दिनों की कठिन यात्रा में हमारी महिलाओं ने अपने दृढ़ और संकल्प के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। अब जब एवरेस्ट की बात आती है तो हमें पूरा भरोसा है, क्योंकि एवरेस्ट पर सबसे बुजुर्ग पर्वतारोही 70-80 साल के रहे हैं, जबकि हमारी टीम युवा और फिट है। हम प्रशिक्षण पर और ध्यान देंगे और निश्चित ही लक्ष्य पूरा करेंगे।'

---


7 साल में पूरी होगी परियोजना

# भूटान तक दौड़ेगी भारत की रेल, जुड़ेंगे दो शहर

**नई दिल्ली।** घरेलू और वैश्विक स्तर पर बनी हुई चुनौतियों के बीच अब वो दिन दूर नहीं जब भारत की रेल भूटान तक दौड़ेगी। दोनों देशों के बीच यह पहली बड़ी रेल परियोजना है। जिसे लेकर समझौते पर हस्ताक्षर हो गए हैं। जल्द ही धरातल पर निर्माण कार्य का श्रीगणेश किया जाएगा। परियोजना के तहत भारत के असम के कोकराझार और बानरहाट से भूटान के दो शहरों गेलेफू और सम्त्से को जोड़ा जाएगा। ट्रैक की कुल लंबाई 90 किलोमीटर की होगी, परियोजना पर आने वाली कुल लागत 4 हजार 33 हजार करोड़ रुपए है। और इसे पूरा होने में सात साल का समय लगेगा। परियोजना पर आने वाला पूरा खर्च भारत वहन करेगा। ट्रेन की तकनीक से लेकर कोच, सिग्नल सिस्टम सब कुछ शत-प्रतिशत स्वदेशी होगा। इस रेल नेटवर्क के जरिए उत्तर-पूर्व के साथ ही भूटानी क्षेत्र के आम लोगों और माल ढुलाई में काफी फायदा मिलेगा। यह जानकारी सोमवार को राजधानी में 'इंडिया-भूटान रेल कनेक्टिविटी' विषय पर आयोजित किए गए एक संवाददाता सम्मेलन में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दी।

### पीएम के नेतृत्व का परिणाम

मिस्री ने बताया कि परियोजना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका है। बीते वर्ष 2024 के मध्य में पीएम की भूटान यात्रा के दौरान इस परियोजना को लेकर न केवल सहमति बनी थी। बल्कि एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए गए थे।



---

25 हजार के लिए सात सालों से बीईओ कार्यालय में अटका पेंशन

# गुजारे के लिए रिटायर्ड प्रधान पाठक को निर्माण कार्यों में करनी पड़ रही मजदूरी



अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से एक रिटायर्ड प्रधानपाठक को अपनी जीविका चलाने के लिए निर्माण कार्यों में मजदूरी करनी पड़ रही है। रिटायर होने के बाद प्रधानपाठक को विभाग से जो राशि मिली उसे बेटों ने हड़प लिया। प्रधानपाठक ने पेंशन के लिए छह महीने तक बीईओ कार्यालय ⏭ शेष पेज 6 पर

### बीईओ कार्यालय में सभी दस्तावेज

शासन न केवल अपने सेवकों को बल्कि सेवक की पत्नी को भी आजीवन सहारा देता है। शासन द्वारा पति को पेंशन एवं पति की मौत उपरांत पत्नी को परिवारिक पेंशन प्रदान किया जाता है। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण शासकीय सेवकों को ही पेंशन के लिए वर्षों भटकना पड़ रहा है। विकासखण्ड ओड़गी में ऐसे एक दर्जन से अधिक प्रकरण सालों से लंबित पड़े हैं। शिक्षकों के सभी दस्तावेज का संधारण बीईओ कार्यालय करता है। इस संबंध में अधिकारी एवं लिपिक ने अपने बचने का भी तरीका ढूंढ लिया है तथा सवाल उठाने पर अधिकारी का सीधा सा जवाब होता है कि कर्मचारी ने आवश्यक दस्तावेज अब तक उपलब्ध नहीं काराया है।

### दिया है 10 दिन का समय

मुझे आपसे मामले की सूचना मिली है। कार्यालय की यह बड़ी लापरहवाही है। मामले को लेकर मैंने बीईओ को कड़ी फटकार लगाई है तथा रिटायर्ड प्रधानपाठक का पेंशन प्रकरण स्वीकृत करने 10 दिन का अल्टिमेटम दिया है। पेंशन शासकीय कर्मचारी का अधिकार है इसके लिए किसी को भी पैसे देने की जरूरत नहीं है।

\- अजय कुमार मिश्रा
डीईओ, सूरजपुर

# बरही नदी उफान पर: देवभोग-अमलीपदर में 100 एकड़ की फसल चौपट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बिदाई ले रहे मानसून ने जिले में तबाही मचा दी है। पिछले चार दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से नदियां-नाले उफान पर हैं। देवभोग- अमलीपदर में 100 एकड़ से ज्यादा की फसल चौपट हो गई है। दूसरी तरफ बरही नदी में आई बाढ़ ने अमाड़ गांव के 9 से ज्यादा छोटे किसानों की करीब 15 एकड़ में लगी मक्का और धान की फसल को पूरी तरह चौपट कर दिया। किसानों के मुताबिक, करीब 6 लाख रुपये की फसल बर्बाद हो चुकी है। वहीं 2 लाख रुपये से ज्यादा का साहूकारी कर्ज चुकाने की चिंता उन्हें सता रही है।



## अमाड़ गांव के किसानों की 6 लाख की मक्का-धान फसल चौपट

### ओडिसा के लिए बना पुल छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए संकट

किसानों ने बताया कि 10 साल पहले ओडिसा सरकार ने नवरंगपुर जिले के चंदहांडी ब्लॉक के लोगों को कालाहांडी से जोड़ने के लिए 30 मीटर बॉक्स कल्वर्ट पुल का निर्माण कराया था। यह पुल छत्तीसगढ़ की जमीन पर बना है। शुरुआत से ही स्थानीय किसान इसका विरोध कर रहे थे। उनका आरोप है कि जब भी नदी में बाढ़ आती है, पुल के कारण पानी का बहाव रुकता है और खेत डूब जाते हैं। किसानों का कहना है कि ओडिसावासियों की सुविधा के लिए बने इस पुल की कीमत छत्तीसगढ़ के किसानों को फसल गंवाकर चुकानी पड़ रही है।



### जान जोखिम डालकर लोग बना रहे रील, ले रहे सेल्फी

बरही नदी और त्रिवेणी संगम लबालब हो चुके हैं। बावजूद इसके, लोग जान जोखिम में डालकर सेल्फी और रील बनाने से नहीं चूक रहे। दूसरी ओर देवभोग मुख्यालय तक पहुंचने वाले इकलौते मार्ग बेलाट नाला पर हालात और खराब हैं।

### देवभोग-अमलीपदर में 40 लाख का नुकसान

केवल अमाड़ गांव ही नहीं, बल्कि देवभोग और अमलीपदर तहसील क्षेत्र में नदी-नालों के किनारे बोई गई मक्का, धान और सब्जी की फसल भी पानी में डूब गई। अनुमान है कि 100 एकड़ से ज्यादा रकबे में करीब 40 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। किसानों ने इसे प्राकृतिक आपदा घोषित कर उचित मुआवजा देने की मांग की है। देवभोग तहसीलदार अजय कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि लगातार बारिश से फसल और मकान क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिल रही है। इसके लिए पटवारियों की टीम गठित कर नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है। रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से एक की मौत



**कोण्डागांव।** शिकायतों के बावजूद कार्रवाई से बचते आ रहे झोलाछाप फर्जी डॉक्टर निखिल सिकदर के इलाज ने आखिरकार एक जान ले ली। आड़का छपड़ा वार्ड निवासी बलराम बंजार 60 मामूली टॉन्सिल की शिकायत लेकर इलाज के लिए निखिल सिकदर के पास पहुंचे थे। इलाज के दौरान झोलाछाप डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाया, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि सिकदर लंबे समय से झोलाछाप डॉक्टर का धंधा कर रहा है। इसकी कई बार शिकायत स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मौत की खबर फैलते ही पूरे समाज में आक्रोश फैल गया। शाम को वीडियो जारी कर कहा कि बलराम बंजारे पूरी तरह स्वस्थ थे। परिजनों ने आरोप लगाया है कि मौत झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से हुई है।

### हाईवे पर स्टंटबाजी, 15 के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** कॉलेज में पढ़ने वाले युवाओं की टीम का खल्लारी मंदिर दर्शन करने जाने के दौरान कार में स्टंटबाजी का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने स्टंट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। स्टंटबाज युवाओं पर पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के साथ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है। शनिवार को इंस्टाग्राम पर अलग-अलग कार में सवार युवाओं के ग्रुप का स्टंटबाजी का वीडियो वायरल हुआ था।

## रायपुर ग्रामीण फोरम में महासमुंद, धमतरी और आसपास के उपभोक्ता भी कर सकेंगे शिकायत

# बिजली की शिकायतों के लिए प्रदेश में सात नए उपभोक्ता फोरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को होने वाली शिकायतों को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी में तो शिकायतें होती ही हैं, लेकिन पॉवर कंपनी में कई बार शिकायतों का निराकरण न होने के कारण इसकी शिकायतें बिजली उपभोक्ता फोरम में भी की जाती हैं।

इतने बड़े प्रदेश में अब तक महज तीन जिलों रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर में ही उपभोक्ता फोरम काम कर रहे थे, लेकिन अब उपभोक्ताओं को ज्यादा सुविधा देते हुए दस जिलों में बिजली के उपभोक्ता फोरम बना दिए गए हैं। इनके अध्यक्षों की भी नियुक्ति कर दी गई है। रायपुर में एक के स्थान पर दो फोरम बनाते हुए रायपुर ग्रामीण के लिए अलग फोरम बना दिया गया है। इसके अलावा लोकपाल में अपील करने के लिए नए लोकपाल की भी नियुक्ति की गई है। प्रदेश में लगातार बिजली के उपभोक्ता बढ़ रहे हैं। इस समय 65 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हो गए हैं। इनकी बिजली बंद होने से लेकर नए कनेक्शन, लो वोल्टेज, लगत बिलिंग के साथ ही कई तरह की शिकायतें होती हैं। आमतौर पर उपभोक्ता किसी भी तरह की शिकायत करने का काम छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के दफ्तरों में ही करते हैं, लेकिन इनकी समस्या का निराकरण जब पॉवर कंपनी में नहीं होता है तो उपभोक्ता फोरम की शरण में भी जाते हैं।

### अध्यक्षों को जिलों में जाकर शिकायतें सुनने के निर्देश

जो नए उपभोक्ता फोरम बनाए गए हैं और जो पुराने फोरम में उनमें भी अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। रायपुर शहर में पूर्व अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमडी बड़गैया, रायपुर ग्रामीण में अशोक खंडेलवाल को अध्यक्ष बनाया गया है। रायपुर ग्रामीण फोरम में महासमुंद, धमतरी, सरायपाली, पिथौरा के भी उपभोक्ता अपनी शिकायत कर सकेंगे। अन्य फोरम में से दुर्ग में पूर्व मुख्य अभियंता पीवी संजीव, राजनांदगांव में पूर्व अतिरिक्त मुख्य अभियंता एके गौराहा, जगदलपुर में पूर्व अधीक्षण अभियंता पीयूष राम साहू, अंबिकापुर में पूर्व अधीक्षण अभियंता डीके सैनी, रायगढ़ में एक पूर्व आईपीएस श्री गोयल, बिलासपुर में पूर्व अभियंता सीएस वाजपेयी, भिलाई टाउनशिप में अनिल चौहान और जिंदल स्टील के लिए श्री नंदनवार को अध्यक्ष बनाया गया है। सभी अध्यक्षों को बिजली नियामक आयोग ने हर माह जिलों में जाकर शिकायतें सुनने के निर्देश भी दिए हैं। ज्यादातर अध्यक्षों के परभार भी संभाल लिया है।

### लोकपाल की भी नियुक्ति

उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण पॉवर कंपनी में न होने पर जब वे उपभोक्ता फोरम जाते हैं और वहां पर उसकी शिकायत पर जो भी फैसला होता है, उससे अगर उपभोक्ता संतुष्ट नहीं होते हैं तो वे लोकपाल में अपील कर सकते हैं। पूर्व न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी को नया लोकपाल बनाया गया है। इस समय बिजली नियामक आयोग के सचिव एपी शुक्ला के पास लोकपाल का प्रभार है। नए लोकपाल अगले माह कार्यभार संभालेंगे तो वे श्री शुक्ला प्रभार से मुक्त हो जाएंगे।

## 10वीं-12वीं के स्वाध्यायी छात्र कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

# प्राइवेट स्टूडेंट सिर्फ आज दे सकेंगे अर्जी, कल से 2 हजार विलंब शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 30 सितंबर को कक्षा 10वीं और 12वीं के प्राइवेट छात्रों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया बंद कर देगा, हालांकि जिन छात्रों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे लेट फीस के साथ 11 अक्टूबर तक फॉर्म भर सकते हैं। यह पंजीकरण प्रक्रिया 9 सितंबर से शुरू हुई थी और छात्र सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यदि कोई एक विषय की परीक्षा देना चाहता है तो 320 रुपए का भुगतान करना होगा। अतिरिक्त विषय की परीक्षा देने के लिए भी प्रति विषय 320 का भुगतान करना होगा। प्रैक्टिकल फीस के लिए 12वीं के छात्रों को प्रति प्रैक्टिकल 160 रुपए शुल्क चुकाना होगा। 30 सितंबर तक आवेदन नहीं कर सके प्राइवेट छात्र लेट फीस के साथ तीन अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आवेदन कर सकेंगे। लेट फीस के रूप में छात्रों को 2000 रुपए अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करना होगा।

### ऑनलाइन चुनना होगा केंद्र

ऑनलाइन पंजीकरण करते समय जिस परीक्षा सेंटर का चयन किया जाएगा, उसी के आधार पर उसे आवंटन किया जाएगा। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि आवेदन फॉर्म व फीस का भुगतान ऑनलाइन मोड में ही करना है। अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद छात्र आवेदन नहीं कर सकेंगे। ऐसे छात्र जो बोर्ड परीक्षा 2020, 2021, 2022, 2023, 2024, और 2025 में फेल हुए थे वे छात्र आवेदन करके वर्ष 2026 की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। मुख्य और सप्लीमेंट्री एग्जाम 2024-25 मुख्य और सप्लीमेंट्री एग्जाम में कंपार्टमेंट प्राप्त करने वाले छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। 2024-25 में जो छात्र फेल हुए या उन्हें एसेंशियल रिपीट वाली श्रेणी में रखा गया है। वे भी आवेदन कर सकते हैं। गौरतलब है कि प्राइवेट विद्यार्थियों की परीक्षाएं भी रेगुलर छात्रों के साथ ही आयोजित की जाती हैं।




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 30 सितंबर 2025









# बारिश खत्म होते ही ग्रामीणों ने देशी जुगाड़ से बनाया लकड़ी का पुल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबिकापुर

**वर्षों से कर रहे हैं मछली नदी पर पुल निर्माण की मांग, अब तक नहीं हुई कोई सार्थक पहल**

यह तस्वीर छत्तीसगढ़ और सरगुजा के प्रमुख पर्यटन स्थल मैनपाट के पैगा-सुपलगा मार्ग की है जहां आज भी लोगों को अपनी जिंदगी को चलाने के लिए ऐसे देशी जुगाड़ पर निर्भर रहना पड़ता है। वर्षों से पुल निर्माण की आस लगाकर बैठे ग्रामीणों को हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला।ऐसे में ग्रामीणों ने एक बार फिर से बांस और लकड़ी को मिलाकर एक पुल बना लिया। अब ग्रामीण इस लकड़ी के पुल पर ही अपनी बाइक चलाकर खतरे के बीच आवागमन करने को मजबूर हैं। मैनपाट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शासन प्रशासन अनेक जतन कर रहा है, करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। समय समय पर विभिन्न आयोजन भी हो रहे हैं लेकिन आलम यह है कि मैनपाट के मूल निवासी आज भी मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज भी मैनपाट के पैगा सुपलगा के लोग अपनी जान खतरे में डालकर आवागमन करते हैं। पैगा सुपलगा के बीच मछली नदी बहती है जो बारिश के समय उफान पर रहती है। बारिश के समय इस मार्ग पर आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो जाता है और कई बार नदी पार करते समय लोगों को अपनी जान गवानी पड़ती है। इस दौरान ▸▸ शेष पेज 6 पर

अलग खबर

### बारिश कम होते ही बनाया लकड़ी का पुल

बारिश के समय मछली नदी पर आवागमन बंद हो जाता है लेकिन बारिश समाप्त होने के बाद जब नदी का जल स्तर कम होता है तो स्थानीय लोगों द्वारा खुद ही देशी जुगाड़ से पुल का निर्माण किया जाता है। ग्रामीणों ने नदी में आवागमन के लिए लकड़ी के टुकड़ों और बल्लकी को जोड़कर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अस्थायी पुल बनाया है। इस पुल को नदी पर बिछाकर लोग अपनी दो पहिया बाइक खतरे के बीच पार करते है। बड़ी बात यह है कि मैनपाट में सभी पहाड़ी नदियां है और पहाड़ी नदी में बारिश होने पर कभी भी नदी का जल स्तर बढ़ जाता है।



### ली जाएगी जानकारी

इस बात की जानकारी नहीं है। मैं स्वयं इसकी जानकारी लेता हूं। जानकारी लेकर पहल की जाएगी। - डीएस उईके एसडीएम

### तय करनी पडती है लम्बी दूरी

बड़ी बात यह है कि मछली नदी पर पुल नहीं होने से सुपलगा के लोगों को विकासखंड मुख्यालय जाने के लिए 30 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। ग्रामीण पहले 15 किमी की दूरी तय कर उल्टापानी जाते हैं और फिर उल्टापानी से 15 किमी का सफर त्य कर नर्मदापुर पहुंचते हैं। ऐसे में उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हैरानी की बात तो यह है कि समय समय पर अधिकारी मैनपाट के दौरे करते है लेकिन इन ग्रामीणों की असल समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।






## खबर संक्षेप

### घाटी में लौटी रौनक खुले 12 पर्यटन स्थल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सोमवार को कश्मीर घाटी के उन सात प्रमुख पर्यटन स्थलों को दोबारा खोल दिया है, जिन्हें 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद एहतियातन बंद कर दिया गया था। यह निर्णय शुक्रवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई यूनिफाइड हेडक्वार्टर की बैठक के बाद लिया गया। आज यूएचक्यू की बैठक में सुरक्षा की विस्तृत समीक्षा और चर्चा के बाद, जम्मू और कश्मीर डिवीजनों में अस्थायी रूप से बंद किए गए कई पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने का आदेश दिया गया है।



## हॉलीवुड की बड़ी स्टूडियोज, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की टेंशन बढ़ी

# ट्रंप का एक और 'बम', अब विदेशी फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली


*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक चौंकाने वाला ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका के बाहर बनी हर फिल्म पर 100% टैरिफ लगाया जाएगा। ये फैसला फिल्म इंडस्ट्री के लिए बिल्कुल नया और हैरान कर देने वाला है, जो हॉलीवुड ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की फिल्म इंडस्ट्री को हिला सकता है।*

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ये बात अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर कही। उन्होंने लिखा कि अमेरिका की फिल्म इंडस्ट्री को दूसरे देशों ने हमसे छीन लिया है, जैसे कोई किसी बच्चे से टॉफी छीन ले। उनका ये बयान अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री के लिए बड़ी चिंता की बात बन गया है, क्योंकि हॉलीवुड की कमाई का बड़ा हिस्सा विदेशों से आता है। ये फैसला अगर लागू होता है, तो इसका असर दुनियाभर के फिल्म निर्माताओं और दर्शकों पर भी पड़ेगा। ट्रंप के इस ऐलान के बाद हॉलीवुड की बड़ी स्टूडियोज़ और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की टेंशन बढ़ गई है।। वॉर्नर ब्रोस डिस्कवरी, कॉमकॉस्ट, पारामाउंट, स्काईडांस और नेटफ्लिक्स ▸▸ शेष पेज 6 पर

**नए टैरिफ से हॉलीवुड की भी टूटेगी कमर**

### क्या ट्रेड नियमों के खिलाफ है ये फैसला?

कानून और व्यापार से जुड़े विशेषज्ञ ट्रंप के इस प्रस्तावित टैरिफ को लेकर गंभीर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि फिल्में दरअसल बौद्धिक संपदा (इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी) होती हैं और ये ग्लोबल सर्विस ट्रेड यानी वैश्विक सेवा व्यापार का हिस्सा हैं। अमेरिका खुद इस सेक्टर में अक्सर विदेशी बाजारों से मुनाफा कमाता है, ऐसे में ऐसी टैरिफ नीति इंटरनेशनल ट्रेड नियमों के खिलाफ मानी जा सकती है।



### बाजार पर भी दिखा असर

ट्रंप के इस बयान का सीधा असर बाजार पर भी दिखा। नेटफ्लिक्स के शेयरों में शुरुआती कारोबार के दौरान करीब 1.5% की गिरावट आई। फिलहाल व्हाइट हाउस की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है कि ये टैरिफ लागू कैसे होंगे या इसकी कानूनी ष प्रक्रिया क्या होगी।

### ग्लोबल हेल्थकेयर में भारत की भूमिका मजबूत

फार्मा इंडस्ट्री का मानना है कि यह कदम भारत को वैश्विक स्वास्थ्य आपूर्ति श्रृंखला में और मजबूत स्थिति देगा। अमेरिकी बाजार के झटके के बाद चीन से मिली यह राहत भारतीय कंपनियों को संतुलन बनाने और नए बाजारों में तेजी से विस्तार करने का मौका देगी। विशेषज्ञों के अनुसार यह फैसला न सिर्फ भारत की अर्थव्यवस्था के लिए बल्कि पूरी दुनिया की सस्ती और भरोसेमंद दवाओं की सप्लाई के लिए गेमचेंजर साबित हो सकता है।

**इधर, चीन ने भारत को दी बड़ी राहत**

### भारतीय दवा उत्पादों पर जीरो टैरिफ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक ओर भारतीय फॉर्मा कंपनियों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाया, वहीं दूसरी ओर चीन ने भारतीय फॉर्मा4 कंपनियों पर टैरिफ हटाया है। चीन भारतीय फॉर्मा कंपनियों पर चीन 30 प्रतिशत टैरिफ लेता था, जो अब बिना किसी शुल्क के भारतीय दवाएं निर्यात शुन्य हो जाएगा। चीन का यह फैसला ट्रंप के खिलाफ एक बड़ा कदम माना जा रहा है। भारत चीन और रूस अमेरिका के घेरने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। तीन महाशक्तियों के एक साथ आने से ट्रंप की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। इस कदम से भारत की सस्ती दवाओं के लिए चीन एक मजबूत वैकल्पिक बाजार बन सकता है और आने वाले समय में भारतीय दवा निर्यात में अरबों डॉलर की बढ़ोतरी हो सकती है। चीन द्वारा आयात शुल्क घटाने के बाद भारतीय फार्मा कंपनियों को बड़ा लाभ मिलेगा। चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाला देश है और अब भारतीय कंपनियों को समान अवसर और बेहतर पहुंच मिलेगी।








# राहुल को जान से मारने की धमकी, कांग्रेस में उबाल



**नई दिल्ली ।** राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी मिलने पर कांग्रेस पार्टी ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। पार्टी की तरफ से एबीवीपी के पूर्व नेता द्वारा एक टेलीविजन कार्यक्रम में बहस के दौरान राहुल गांधी के खिलाफ की गई इस विवादास्पद टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस की तरफ से गया गया कि अगर सरकार इस पर कार्रवाई करने में सफल नहीं होती है, तो यह लोकसभा नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ हिंसा की मिलीभगत माना जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री को लिखे इस पत्र में वेणुगोपाल ने केरल एबीवीपी के पूर्व अध्यक्ष और नेता प्रिंटू महादेव द्वारा राहुल गांधी को दी गई धमकी का जिक्र किया।






### हवाई अड्डा को बम की धमकी झूठी निकली

**नई दिल्ली ।** अहमदाबाद हवाई अड्डा को बम की धमकी वाला एक ईमेल मिलने के बाद, पुलिस ने इसे भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। हालांकि, बम की धमकी झूठी साबित हुई थी। अहमदाबाद के हवाई अड्डा पुलिस थाना के निरीक्षक एन.डी. नाकुम ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि व्यक्ति ने देश के कई अन्य हवाई अड्डों तथा सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों को भी बम की धमकी वाला ऐसा ही संदेश भेजा था।





| MODEL | S-PRESSO | ALTO K10 | CELERIO | WAGONR | SWIFT | DZIRE | BREZZA | ERTIGA | EECO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| REDUCTION IN PRICE^ (₹) UP TO | 129 600 | 107 600 | 94 100 | 79 600 | 84 600 | 87 700 | 112 700 | 46 400 | 68 000 |
| NOW STARTING AT^ (₹) | 349 900 | 369 900 | 469 900 | 498 900 | 578 900 | 625 600 | 825 900 | 880 000 | 518 100 |
| ADDITIONAL FESTIVE OFFERS* (₹) UP TO | 70 500 | 80 500 | 70 500 | 80 500 | 98 000 | - | 48 000 | - | 50 500 |

## चिंतन

# टीम इंडिया ने पाक को किया अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेनकाब

टीम इंडिया ने बिलकुल वैसा ही किया जैसा किया जाना चाहिए था। आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को बेनकाब किया जाना बहुत जरूरी है और टीम इंडिया ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान को जिस तरह से सबक सिखाया, उससे न केवल अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाक की किरकिरी हुई, बल्कि विश्व बिरादरी में यह संदेश भी गया कि नया भारत दुश्मन को चौतरफा झटके देना जानता है। एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से रौंदकर 9वीं बार खिताब तो अपने नाम किया ही बिना ट्राफी के जैसा जश्न मनाया वो भी काबिलेतारीफ है। भारतीय टीम का ये जश्न देखने लायक था, क्योंकि खिलाड़ियों ने बिना ट्रॉफी लिए ही पाकिस्तानियों की छाती पर तांडव किया। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए पहले मैच से ही तनाव का माहौल था। टीम इंडिया ने तय कर लिया था कि वे पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ मैच में हाथ नहीं मिलाएंगे। लीग मैच में जीत के बाद उन्होंने ऐसा ही किया। इस पर पाकिस्तान की ओर से तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं भी आईं, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने इसकी जरा भी परवाह नहीं की। इसके बाद पाकिस्तान के जख्मों पर नकम छिड़कते हुए कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जीत को भारत के आर्म्ड और पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए फैमिली को इसे समर्पित कर दिया। सूर्यकुमार के इस कथन से पाकिस्तानियों को आग लग गई। इसके बाद सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान के हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान ने भारत के खिलाफ मैच में इशारेबाजी कर घटिया हरकत की। जिस पर टीम इंडिया ने आपत्ति जताई और तय कर लिया कि अगर वह फाइनल में पहुंचती है व चैंपियन बनती है तो वह पाकिस्तान के ही एसीसी चीफ मोहसिन नकवी के हाथ से ट्रॉफी नहीं लेंगे। बता दें कि एशिया कप के चैंपियन को एसीसी के चीफ ही ट्रॉफी हैंडओवर करते हैं। ऐसे में टीम इंडिया ने पहले से ही तय प्लानिंग के मुताबिक मोहसिन नकवी के हाथों से ट्रॉफी नहीं ली। मोहसिन नकवी स्टेडियम में ही बनाए गए मंच पर आए और लगातार घोषणा होती रही कि ट्राफी लें, लेकिन टीम इंडिया के खिलाड़ी इसे अनसुना करते रहे। लगभग आधे घंटे तक नकवी वहीं, खड़े रहे और फिर बेशर्मी दिखाते हुए ट्रॉफी को अपने साथ लेकर चले गए। इसके बाद जो हुआ उसे पाकिस्तान कभी नहीं भूल पाएगा। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने स्टेज पर मौजूद सभी खिलाड़ियों को बिना ट्रॉफी के जश्न मनाने के लिए कहा। फिर क्या था, अर्शदीप ने सबको बताया कि किसको, कैसे क्या करना है। उसके बाद कप्तान बिना ट्रॉफी लिए रोहित शर्मा के अंदाज में स्टेज पर चढ़े और चैंपियन की तरह एक्ट किया। इस एक्ट के दौरान टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी जमकर जश्न मनाते रहे। कप्तान ने जैसे ही ट्राफी ली सभी खिलाड़ियों ने जमकर स्वागत किया। खास बात यह रही कि ट्राफी हाथ में न होने के बावजूद टीम इंडिया ने इस अंदाज में फोटो भी खिंचवाए जैसे कि ट्राफी से साथ किया जाता था। इस दौरान स्टेडियम में दुनियाभर के दर्शक, खेल प्रेमी मौजूद थे। भारतीय खिलाड़ियों के इस एक्ट ने सबके सामने आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को बेनकाब कर दिया। पूरी चैंपियनशिप के दौरान टीम इंडिया ने न केवल पाकिस्तान को एक के बाद एक तीन बार हराया, बल्कि हर बार यह अहसास भी करवाया कि ये नया भारत है, जो न केवल जैसे को तैसा करना जानता है, बल्कि हर दुःसाहस का मुंहतोड़ जवाब भी देता है।



मंथन
मनोज कुमार अग्रवाल

**तमिलनाडु के करूर में टीवीके प्रमुख विजय की रैली के दौरान मची भगदड़ में मृतकों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। देश में कभी कोई धार्मिक आयोजन, मंदिर दर्शन, कुंभ स्नान, खेल मैदान या धर्मगुरु बाबा की रैली निर्दोषों की जान लेती रही है, लेकिन इस बार राजनीति में पैर जमा रहे हीरो विजय के चक्कर में बेगुनाहों की जान चली गई। यह काफी दर्दनाक रहा। हालांकि अपने देश में वास्तविकता यही है कि इतने हादसे होने के बावजूद भी भीड़ नियंत्रण को लेकर ठोस रणनीति नहीं बनती और इसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ता है। अब जरूरत है भगदड़ जैसी होने वाले त्रासदी को रोकने के लिए नई रणनीति के तहत काम किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।**

# ऐसी क्या दीवानगी जिसमें जाए जान

अजीब दीवानगी है एक चहेते हीरो की रानीतिक रैली में शामिल होने के लिए चालीस जान चली गई। अपने देश में भगदड़ से आम लोगों की मौत होना एक नियति बनती जा रही है, क्योंकि देश के किसी न किसी हिस्से में कुछ समय के अंतराल पर ऐसी खबरें आती ही रहती हैं। इसका दुःखद पहलू यह है कि जब भी ऐसी कोई खबर आती है, तो दुःख जताने के साथ जांच कमेटी बैठा दी जाती है। साथ ही मुआवजा देकर मरहम लगाकर ऐसे मामलों की लीपापोती कर दी जाती है, लेकिन इससे सबक लेते हुए ऐसे दर्दनाक हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम बेहद कम ही उठाए जाते हैं। ऐसा ही मामला तमिलनाडु के करूर में टीवीके प्रमुख और अभिनेता विजय की रैली के दौरान मची भगदड़ में देखने को मिला है। इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। कभी कोई धार्मिक आयोजन, मंदिर दर्शन, कुंभ स्नान, खेल मैदान या धर्मगुरु बाबा की रैली निर्दोषों की जान लेती रही है, लेकिन इस बार राजनीति में पैर जमा रहे हीरो विजय के चक्कर में बेगुनाहों की जान चली गई। यह काफी दर्दनाक रहा।

मिल रही जानकारी के अनुसार इस भगदड़ को लेकर कोर्ट में एक याचिका भी दाखिल की गई है। विजय उनकी पार्टी कोर्ट के सामने इस हादसे को लेकर संदेह जता रही है। इसके बाद करूर भगदड़ की जांच रिटायर्ड हाईकोर्ट जस्टिस अरूणा जगदीशन की अध्यक्षता वाली कमेटी को सौंपी गई है। सोमवार को रिटायर जस्टिस करूर सिविल अस्पताल पहुंचीं। घायलों का हाल जाना।

इससे पहले विजय की पार्टी ने कोर्ट को बताया कि इस पूरे हादसे के पीछे एक सोची समझी राजनीतिक साजिश है, ये साजिश किसने रची इसकी जांच कराना भी बेहद जरूरी है। बता दें कि अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी टीवीके ने शनिवार को करूर में हुई रैली में हुई भगदड़ के पीछे डीएमके की साजिश का आरोप लगाया है। इस भगदड़ में 40 लोग मारे गए और लगभग 100 घायल हुए। टीवीके के वकील अरिवझगन ने बताया कि पार्टी ने मद्रास उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है जिसमें अदालत से एक विशेष जांच दल गठित करने या मामले को केंद्रीय एजेंसी सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया था। वहीं, सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राजग के 8 सदस्यीय दल का गठन किया है। जो करूर का दौरा करेगा। मथुरा सांसद हेमा मालिनी को दल का कन्वीनर बनाया गया है। अनुराग ठाकुर, तेजस्वी सूर्या भी इसमें शामिल हैं।

मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों का आकंड़ा बढ़ने की आशंका है। इस साल 2025 में मंदिरों, रेलवे स्टेशन और महाकुंभ में भगदड़ में कई लोगों की जान गई है। देश में पिछले दो दशक में दो दर्जन बार भगदड़ में करीब 1500 लोगों की जानें जा चुकी हैं, जबकि हजारों लोग घायल हुए हैं।

2025 को भगदड़ दुर्घटनाओं का साल कहा जाए तो गलत नहीं होगा इस साल की शुरुआत में 8 जनवरी को तिरुमाला हिल्स में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट लेने के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच हुई धक्का-मुक्की में छह श्रद्धालुओं की जान चली गई। दर्जनों लोग घायल हो गए। महाकुंभ के दौरान 29 जनवरी को संगम क्षेत्र में भगदड़ मच गई।



मौनी अमावस्या के अवसर पर लाखों तीर्थयात्री स्नान के लिए जगह पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई, 60 लोग घायल हो गए। आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हादसा हो गया। विक्ट्री परेड शुरू होने से पहले अचानक भीड़ बेकाबू हो गई, जिससे भगदड़ मची। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई और कम से कम 50 लोग घायल हुए।

15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 पर भगदड़ मच गई। भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई, 15 घायल हो गए। तीन मई को गोवा के शिरगाओ गांव में श्री लैराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की मौत और करीब 100 लोग घायल हो गए।

बता दें इस से पहले 4 दिसंबर 2024 को हैदराबाद में अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ में 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। तीन जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में स्वयंभू बाबा भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि द्वारा आयोजित 'सत्संग' (प्रार्थना सभा) में भगदड़ से 121 लोगों की मौत हो गई।

मध्य प्रदेश के इंदौर में एक मंदिर में 31 मार्च 2023 रामनवमी के अवसर पर आयोजित 'हवन' समारोह के दौरान 'बावड़ी' या कुएं के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों की जान चली गई। 2022 के पहले दिन जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 12 लोगों की मौत हो गई। 29 सितंबर 2017 को मुंबई में पश्चिमी रेलवे के एलफिंस्टन रोड स्टेशन को मध्य रेलवे के परेल स्टेशन से जोड़ने वाले पुल पर मची भगदड़ में 23 लोगों की मौत हो गई। गोदावरी नदी के तट पर 14 जुलाई 2015 को हुई भगदड़ में 27 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई।

दशहरा समारोह 3 अक्टूबर 2014 को मेला समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में मची भगदड़ में 32 लोगों की मौत हो गई। 13 अक्टूबर 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ में 115 लोगों की जान चली गई और 100 से अधिक घायल हो गए। 19 नवंबर, 2012 पटना में गंगा के किनारे अदालत घाट पर छठ पूजा के दौरान पुल के ढह जाने से मची भगदड़ में 20 लोग मारे गए।

8 नवंबर, 2011 हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे घाट पर भगदड़ मचने से 20 लोग मारे गए। 14 जनवरी, 2011 केरल के इडुक्की के पुलमेडु में जीप के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालु मारे गए, 40 से अधिक घायल हो गए।

30 सितंबर, 2008 राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाहों के कारण मची भगदड़ में 250 श्रद्धालु मारे गए, 60 से अधिक घायल हो गए। 3 अगस्त, 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में चट्टान गिरने की अफवाह उड़ी, जिसमें 162 लोग मारे गए। वास्तविकता यही है कि अपने देश में भीड़ नियंत्रण को लेकर ठोस रणनीति नहीं बनती और यही कारण है कि ऐसे हादसे होते रहते हैं। जरूरत है कि भगदड़ जैसी होने वाले त्रासदी को रोकने के लिए नई रणनीति के तहत काम किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## कंजक पूजन

डॉ. घनश्याम बादल



# आज के समय बहुत ज़रूरी है कन्या सशक्तिकरण

इस समय शारदीय नवरात्र चल रहे हैं। नवरात्र में कन्या पूजन में भक्तजन कन्याओं को भोजन कराते हैं। नए वस्त्र और उपहार आदि भेंट करते हैं। यह दर्शाता है कि देश में कन्याओं का बहुत सम्मान है, लेकिन यदि वास्तव में कन्याओं का सम्मान है तो उन्हें समाज में उनका उचित स्थान क्यों नहीं मिल पाया है यह आज भी एक महा प्रश्नहै । किसी भी संस्कृति में अच्छी परंपराओं का निभाया जाना अच्छी बात है, लेकिन केवल परंपरा निर्वाह का दिखावा करना अच्छा संकेत नहीं है, बेहतर हो कि कन्या पूजन पर नया चिंतन करें। मान्यता है कि नौ देवियां देवी शक्ति का प्रतिरूप हैं और नौ अलग-अलग रूपों में ममत्व, वात्सल्य, पराक्रम, वीरता की प्रतिमूर्ति होने के साथ-साथ दुष्ट दलन एवं भक्तों की रक्षा भी करती हैं। उनके प्रतीक रूप में ही कन्या पूजन किया जाता है, लेकिन जब उन्हीं शक्तिरूपा कन्याओं का शोषण होता है तो समाज की नीयत पर भी संदेह होता है जो एक और तो कंजकों का पूजन करता है, वहीं दूसरी ओर उन्हें अपनी हवस का शिकार बनाता है। तो इन नवरात्रों में नए चिंतन के साथ मनाना सुनिश्चित करें।

भूखे को भोजन कराना पुण्य प्रदान करने वाला है। वर्तमान संदर्भों में यदि नवरात्र में देखें तो इसमें प्रायः संपन्न घरों की, आस पड़ोस की बच्चियों को ही भोजन करवाते देखा जाता है। कहीं, कूड़ा बीनती, सफाई कार्य करती या फिर दूसरों के घरों में काम करने वाली बाइयों की बच्चियों को बहुत कम ही लोग भेजन करवाते हैं। ऐसा कन्या भोज कितना उचित है आज इस पर विचार मंथन एवं चिंतन की ज़रूरत है। आज आवश्यकता है कि हम नवरात्र समय और परिस्थिति के अनुसार थोड़ा हटकर मनाएं। यदि केवल दिखावे के लिए या पुण्य कमाने के लिए कन्या पूजन करेंगे तो अपशकुन तय है।

चिकित्सा विज्ञान कहता है कि बहुत अधिक खाना या खाने में वसा होना स्वास्थ्य खराब कर सकता है, शरीर में बेड कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है और बच्चियां तो बहुत छोटी होती हैं नवरात्र में इन कन्याओं को कई-कई घरों में भोजन करते हुए देखा जा सकता है । अब बच्चों को तो ज्ञान नहीं और थोड़ा बहुत दक्षिणा में मिलने वाले पैसों का लालच भी आ जाता है। मगर यह हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें बीमारी का शिकार न बनने दें। बजाय पकवानों के पोषक तत्वों वाला संतुलित खाना उन्हें परोसें। इससे भी बेहतर हो कि उन्हें ड्राई फ्रूट आदि देने की परंपरा शुरु करें, ताकि बच्चे लंबे समय तक उन्हें खा भी सकें।

कंजक जिमने के पीछे भाव होता है कि बालिकाओं को सम्मान देना इसलिए सामाजिक रूप से ऐसा वातावरण तैयार करें कि केवल कन्याओं को ही नहीं संपूर्ण महिला शक्ति को सम्मान से जीने का वातावरण मिले। नवरात्र में दान करके भी पुण्य कमा सकते हैं, अनेक ऐसे लोग हैं जो पर्याप्त मात्रा में भोजन नहीं ले पा रहे हैं। इसके लिए आप अपने आसपास की किसी भी धार्मिक संस्था या एनजीओ को यह बता दें कि आप कितने लोगों को भोजन या वस्त्र आदि दान करना चाहते हैं और ऐसे में नियत समय पर आकर उनका प्रतिनिधि आपसे वह भोजन वस्त्र ले जाए तथा उस भोजन को जरूरतमंदों, कुष्ठ रोगियों अनाथालय आदि के जरूरतमंद लोगों को जिनमें कन्याएं भी हो सकती हैं खिला सकते हैं। साथ ही साथ अपनी श्रद्धा अनुसार उपयुक्त दक्षिणा राशि भी उस संस्था को दान भी दे सकते हैं । कन्या पूजन में ऐसे बच्चों की मदद करें, जिन्हें वास्तव में मदद की ज़रूरत है। यदि आप प्रतिवर्ष केवल एक कन्या को भी उसकी वार्षिक फीस यूनिफॉर्म पढ़ाई लिखाई का सामान आदि दे पाएं तो एक स्त्री जीवन को आप सचमुच शक्ति रूपा बनने में मदद कर रहे होंगे और यह सबसे अच्छी देवी आराधना होगी ।

बच्चियों को दक्षिणा में नकद पैसे न देकर यदि उनके लिए स्कूल की यूनिफॉर्म, किताबें उनके लिए पढ़ाई-लिखाई का सामान अथवा उनके खाने-पीने की ऐसी वस्तुएं दें जो लंबे समय तक में प्रयोग में ला सकें तो शायद नवरात्र कहीं अधिक सार्थक होगा। इससे भी बढ़कर अंत में भूलकर भी उपहार में प्लास्टिक का सामान न तो दें न ही प्लास्टिक के बर्तनों में उन्हें भोजन कराएं, क्योंकि इससे उनके शरीर में माइक्रोप्लास्ट के जाने का खतरा बढ़ जाता है और कैंसर होने की संभावना भी अधिक हो जाती है। यदि सच्चे अर्थों में नवरात्र का पुण्य अर्जित करना है तो फिर निस्वार्थ भाव से कन्याओं को प्रोत्साहित करें उन्हें आत्म सुरक्षा कला,संस्कृति परंपरा एवं राष्ट्रीयता के साथ-साथ आत्म सम्मान की भावना का प्रशिक्षण ज़रूर दिलवाएं। ऐसा करके हम नवरात्र एवं बेटी दिवस दोनों को सार्थक कर सकते हैं। इसलिए संकल्प लें और कन्या सशक्तिकरण की दिया में कदम उठाएं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें



संकलित
## दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए।

# गणेश विनायक जी की कथा



संकलित
## प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊँगी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घंटी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगों तुम क्या मागती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर मांगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दिल के रोगों के प्रति सचेत रहें

विश्व हृदय दिवस हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपने सबसे महत्वपूर्ण अंग- हृदय- की सेहत पर पर्याप्त ध्यान दे रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत में गैर-संचारी रोगों से होने वाली मौतों में लगभग 27 फीसदी सिर्फ हृदय रोगों के कारण होती हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है, जो सामान्य और स्वस्थ दिखते हुए भी अचानक हृदयघात का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्यवश, हम चेहरे और शरीर की देखभाल में तो समय निकालते हैं, लेकिन दिल की सुरक्षा को नजरअंदाज़ कर देते हैं। यह अंग बिना रुके दिन-रात काम करता है और जीवन को धड़कन देता है। ऐसे में जागरूकता व संतुलित जीवनशैली ही इसे मजबूत रख सकती है।

*- नीलकंठ साहू, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# लंदन में भारतीय उच्चायोग ने 'विकसित भारत रन' मनाया


लंदन में भारतीय उच्चायोग और ब्रिटेन स्थित वाणिज्य दूतावासों ने 'सेवा पर्व 2025' के अवसर पर कई 'विकसित भारत रन' कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें समुदाय के सदस्यों ने 'सेवा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक गौरव' के संदेश के साथ एकजुट होकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने रविवार को उत्तर-पश्चिम लंदन के हैरो में आत्मनिर्भर भारत संकल्प के साथ इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह संकल्प दुनिया भर के भारतीयों को देश की संस्कृति, परंपरा और विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध करता है। वरिष्ठ राजनयिक ने बाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत मध्य लंदन स्थित उच्चायुक्त के आधिकारिक आवास पर चेरी का एक पौधा लगाया जो 'धरती माता की पोषण भावना और अधिक टिकाऊ एवं हरित भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता' को श्रद्धांजलि है। लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने कहा, ''हैरो में 'विकसित भारत रन' के सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई। पहले कदम से लेकर आखिरी पड़ाव तक उन्होंने प्रतिबद्धता, दृढ़ता और एकता की भावना को मूर्त रूप दिया।'




## ऑफ बीट

# मद्यपान यकृत की बीमारी को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार

यकृत बेहद जरूरी अंग है। इंसान को जीने के लिए इसकी जरूरत होती है। यकृत चयापचय और भोजन भंडारण में योगदान देता है, रक्त का थक्का जमाने में



मदद करने वाले प्रोटीन का उत्पादन करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली में अहम भूमिका निभाता है। कोशिका के स्तर पर, शराब एक विषैला पदार्थ है जिसका चयापचय (विघटन) मुख्यत: यकृत में होता है। जब शराब की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है, तो यकृत की कोशिकाएं सूज जाती हैं और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं (यकृत की सूजन को हेपेटाइटिस कहते हैं)। समय के साथ, सूजन या क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की जगह फाइब्रोसिस आ जाता है, यानी सामान्य यकृत ऊतक का स्थान नुकसान पहुंचाने वाले ऊतक ले लेते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सिरोसिस की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यकृत के कार्य करने की क्षमता में शिथिलता आ जाती है। सिरोसिस अपने आप में घातक हो सकता है और यकृत कैंसर का कारण भी बन सकता है। शराब यकृत रोग में किस प्रकार हिस्सेदार? शराब के कारण होने वाले यकृत रोग को शराब संबंधित रोग या एएलडी कहा जाता है, जिसे पहले अल्कोहलिक लिवर डिसीज कहा जाता था। ज्यादा शराब पीने वाले, अक्सर शराब सेवन विकार (एयूडी) से पीड़ित लोगों में सिरोसिस और 'लिवर फेलियर' हो सकता है।

## ट्रेंड

### अद्वितीय मिसाल



दिल्ली के भाजपा कार्यकर्ताओं का इतिहास संघर्ष और समर्पण की अद्वितीय मिसाल रहा है। इन्होंने हर चुनौती के बीच ना केवल संगठन को जीवंत रखा, बल्कि इसे सशक्त बनाने में भी अपना अद्भुत योगदान दिया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### किसान होता है खुश



किसान का हृदय तब प्रसन्न होता है जब फसल फलती-फूलती दिखाई देती है। हमने शिमला मिर्च की खेती की थी और आज बेहतरीन क्वालिटी की शिमला मिर्च हमारे हाथ में है। मेहनत लगी, परिणाम सुखद है। अब ये बाजार में बिकने भी जा रही है।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री


### एआई तारीफ कर रहा



समाजवादियों द्वारा बनवाए गए 'आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे' की तारीफ़ तो एआई भी कर रहा है। ईमानदारी से पूरे किए गए संकल्प ही ऐतिहासिक बनते हैं और बड़े कामों की फेहरिस्त में अपनी जगह बनाते हैं। समाजवादी काम, जनता के नाम।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### सच्चाई का आकलन



क्या हो अगर आपको जो कुछ भी सिखाया गया है वो सब झूठ हो? सच सिर्फ़ छुपाया नहीं जाता, उसका मूल रूप से आकलन किया जाता है। द तेज स्टोरी में 31 अक्टूबर को अपने नज़दीकी सिनेमाघरों में सच्चाई उजागर करेंगे।

-परेश रावल, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



राजधानी की बढ़ती आबादी तथा बदलते स्वरूप को देखते हुए यहां पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू की जाएगी। राज्य में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने प्रारूप तैयार कर लिया गया है। सात राज्यों की पुलिस कमिश्नरी प्रणाली का अध्ययन करने के बाद रायपुर में ओडिशा, भुवनेश्वर में लागू कमिश्नरी मॉडल को लागू करने पर विचार किया जा रहा है। पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के बाद बल की कमी को दूर करने छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स (सीएएफ) के जवानों को पुलिस में शामिल किया जाएगा।

# पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू होने पर फोर्स की कमी दूर करने सीएएफ जवानों को दी जाएगी थानों की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

राजधानी में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने उच्च स्तरीय कमेटी के अध्यक्ष एडीजी प्रदीप गुप्ता ने प्रारूप तैयार कर पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौताम को सौंप दिया है। अध्ययन करने के बाद डीजीपी प्रारूप शासन को सौंपेंगे। रिपोर्ट मिलने के बाद विधि विभाग के अफसर प्रारूप का अध्ययन करने के बाद अंतिम रूप देंगे। सूत्रों के मुताबिक एडीजी श्री गुप्ता ▶▶|शेष पेज 6 पर

बल की कमी दूर करने सीएएफ जवानों को लिया जाएगा



### इन राज्यों के सिस्टम का अध्ययन

राजधानी में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने उच्च स्तरीय कमेटी ने महाराष्ट्र, दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद, ओडिशा, राजस्थान और मध्यप्रदेश में लागू कमिश्नरी के मॉडल का अध्ययन किया। इस दौरान भुवनेश्वर कमिश्नरी को बेहतर मानते हुए वहां के 60 फीसदी नियमों को यहां लागू करने का निर्णय लिया गया है। शेष 40 फीसदी कमिश्नरी प्रणाली अन्य राज्यों में लागू सिस्टम को शामिल करने निर्णय लिया गया है।

### पुलिस कमिश्नर का नया पता एसआईबी बिल्डिंग

राज्य में एक नवंबर से पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने खाका तैयार कर लिया गया है। नई प्रणाली लागू करने राज्य सरकार की स्वीकृति मिलना बाकी है। अन्य औपचारिताओं को पूरा करने के लिए विभागीय स्तर पर तैयारी चल रही है। सूत्रों के मुताबिक सेटअप और संसाधन के लिए वित्त विभाग की मंजूरी केवल खानापूर्ति ही शेष रह गई है। आयुक्त कार्यालय के लिए विभागीय अफसरों ने पुराना पीएचक्यू में एसआईबी बिल्डिंग को फाइनल किया है।

### ट्रेनिंग के बाद पुलिस में शामिल करेंगे

छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स के जवानों की तैनाती अब तक नक्सल मोर्चे के साथ नेता, मंत्रियों की सुरक्षा में की जाती है। पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के बाद तत्काल बल की व्यवस्था करना संभव नहीं है। साथ ही दूसरे जिलों के बल को अफसर समायोजित नहीं करना चाहते। इस बात को ध्यान में रखते हुए तत्काल बल की व्यवस्था करने साढ़े तीन सौ के करीब सीएएफ के जवानों को अस्थायी तौर पर पुलिस में लिया जाएगा। जिन सीएएफ के जवानों को पुलिस में लिया जाएगा, उन लोगों को ट्रेनिंग के बाद पुलिस बल में भेजा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रेल की चपेट में आने से तीन की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में रेलवे पटरी पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला और उसके बच्चे समेत तीन की मौत गई। घटना श्यामनगर स्टेशन के पास हुई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने रेलवे पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एक घंटे तक पटरियां जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। महिला अपने बच्चे के साथ पटरी पार कर रही थी,तभी बच्चा उसके हाथ से फिसल कर नीचे उस पटरी पर गिर गया जिस पर गौर एक्सप्रेस आ रही थी।

### ऐप के जरिए की 100 महिलाओं से धोखाधड़ी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर से 29 वर्षीय एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। उस पर एक भाषा विनिमय ऐप पर खुद को ब्रिटिश कोरियाई व्यवसायी बताकर भारत भर की 100 से ज्यादा महिलाओं को ठगने का आरोप है। स्टीफन उर्फ के सी डोमिनिक को उसके किराए के मकान से गिरफ्तार किया गया।

## सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए लाइफ टाइम हाई लेवल पर

# एक ही दिन में चांदी 7000 रुपए उछली, सोना 1.20 लाख के करीब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**सोने और चांदी ने पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सोमवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 7000 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 1.5 लाख रुपए प्रति किलो के नए ऑलटाइम हाई पर पहुंच गईं। सोना भी रिकॉर्ड 1,19,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। विशेषज्ञों का कहना है कि सोना और चांदी की कीमतों में अभी और बढ़ोतरी हो सकती है।**

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 7,000 रुपए उछलकर 1.5 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। सोना भी मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच 1,500 रुपए चढ़कर 1,19,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपए बढ़कर 1,19,500 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले सत्र में 1,18,000 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,500 रुपए की तेजी के ▶▶|शेष पेज 6 पर

### किस वजह से बढ़ रहा भाव

अंतरराष्ट्रीय कीमतें इसलिए बढ़ीं क्योंकि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद है। साथ ही, भू-राजनीतिक तनाव भी जारी हैं। इसके चलते निवेशक सोने के साथ चांदी जैसी कीमती धातुओं में दोबारा दिलचस्पी दिखा रहे हैं। चांदी का सुरक्षित निवेश के साथ बड़े पैमाने पर औद्योगिक इस्तेमाल भी होता है। इसने 2025 में कई अन्य निवेश विकल्पों से बेहतर प्रदर्शन किया है। सिल्वर की इंडस्ट्रियल डिमांड भी काफी ज्यादा है। इसका सोलर पैनल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स में काफी ज्यादा इस्तेमाल होता है।



**20 साल में 922 फीसदी फायदा:** चांदी ने 20 वर्षों में 922 फीसदी का रिटर्न दिया है, जो शेयर बाजार से काफी बेहतर है। इसका प्रदर्शन चक्रीय रहा है। इस अवधि में चांदी में बड़ा उतार-चढ़ाव भी देखने को मिला। 2010 में चांदी ने 72 फीसदी और 2020 में 44 फीसदी का रिटर्न दिया। 2013-14 में 24 फीसदी से अधिक गिरावट रही। 2025 में चांदी ने फिर 57% रिटर्न के साथ सबसे मजबूत प्रदर्शन दिखाया है।

**एक्सपर्ट व्यू**

### आगे कैसी रहेगी चाल

जेएम फाइनेंशियल सर्विस में कमोडिटी और करेंसी के वाइस प्रेसिडेंट प्रणव मेर के मुताबिक, इस साल चांदी की कीमत अब तक करीब 60% बढ़ चुकी है। वहीं, सोने में इस दौरान 45% की तेजी देखी गई है। मेर का अनुमान है कि चांदी का भाव जल्द ही 1,50,000 से 1,70,000 प्रति किलो तक पहुंच सकता है। मेटल फोकस के हर्षल बरोत का मानना है कि अगर सोने की रैली जारी रहती है, तो सिल्वर की कीमत और बढ़ सकती है। इसका रेट 50 डॉलर प्रति औंस तक जा सकता है, जो अभी 47.10 डॉलर है।

### चांदी में निवेशकों की दिलचस्पी

निवेशकों की चांदी सिल्वर में दिलचस्पी लगातार बनी हुई है। फ्यूचर्स मार्केट में भी तेजी के रुझान दिखाई दे रहे हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि अन्य निवेशों में उतार-चढ़ाव के बावजूद सिल्वर में निवेशकों का मनोबल पॉजिटिव बना हुआ है। एनालिस्टों के मुताबिक, ग्लोबल डिमांड और भारत में रुपये के कमजोर होने के कारण सिल्वर की कीमतें निकट भविष्य में मजबूत बनी रहेंगी।

## मेडिकल कालेज में प्रवेश से पहले छात्र ने खुद को मारी गोली





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

नीट की तैयारी के दौरान डिप्रेशन के शिकार युवक ने सोमवार को अपने कमरे में लाइसेंसी बंदूक से माथे में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार युवक कुछ माह पहले भी डिप्रेशन में आत्महत्या का प्रयास कर चुका था।

सरकंडा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, राजकिशोर नगर एसबीआई बैंक के पास रहने वाले बिल्डर चित्रसेन सिंह का बेटा संस्कार सिंह 21 साल बारहवीं की पढ़ाई करने के बाद 2 साल से नीट की तैयारी कर रहा था। भोपाल मेडिकल कालेज में उसके एडमिशन की तैयारी चल रही थी, एक दो दिन में वह एडमिशन लेने जाने वाला था। सोमवार की सुबह 10.30 से 11 बजे के बीच संस्कार सिंह ने अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर घर की लाइसेंसी 12 बोर की बंदूक से माथे में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने की आवाज में घरवाले कमरे में गए तो दरवाजा अंदर से बंद था। किसी तरह दरवाजा तोड़कर घरवाले अंदर गए तो संस्कार खून से लथपथ पड़ा हुआ था। पूरा कमरा खून से लाल हो गया था। सूचना मिलते ही एडीशनल एसपी ▶▶|शेष पेज 6 पर




| MODEL | 125 CF | 150 | NS 125 | N160 | NS 160 | NS 200 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹8 045/-* | ₹10 249/-* | ₹9 376/-* | ₹11 640/-* | ₹11 840/-* | ₹13 017/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 900/-* | ₹3 700/-* | ₹3 400/-* | ₹4 200/-* | ₹4 300/-* | ₹4 700/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹10 945/-* | ₹13 949/-* | ₹12 776/-* | ₹15 840/-* | ₹16 140/-* | ₹17 717/-* |

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Bilaspur**: Tifra Over bridge TRIPUR BAJAJ 9752133444, 9754033444 • Naya Sarkanda KHANDELWAL BAJAJ 9300998989, 9165555222 • Old Bus Stand TRIPUR BAJAJ 7999848912, • **Mungeli** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021705, 07755299124 • **Lormi** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021701 • **Ambikapur** LAXMI BAJAJ 9074816511, 9754830536 • **Janjgir** SHREE SALASAR BAJAJ 9179981000 • **Champa** 8319235702 • **Korba** TIRUPATI BAJAJ 6232103042, 7879313041 • **Dipka** TIRUPATI BAJAJ 9302444204, **Jamnipali** TIRUPATI BAJAJ 6232123757 • **Raigarh** JINDAL BAJAJ 9589905646,7067109202 • **Jashpur** JINDAL BAJAJ 8817775566, **Baikunthpur** KOREA BAJAJ 9752949291.



हाइफा। ब्रिटिश काल में भारतीय सैनिक अंग्रेजों की तरफ से लड़ते थे, लेकिन जीत का श्रेय हमेशा ब्रिटिश आर्मी को दिया जाता था। लेकिन अब इजरायल के शहर हाइफा ने अपनी आजादी में योगदान देने के लिए भारतीय सैनिकों के योगदान को सराहा है। हाइफा में सोमवार को शहीद भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यहां के मेयर ने कहा कि शहर के स्कूलों में इतिहास की किताबों में यह बदलाव किया जा रहा है कि शहर को ओटोमन शासन से आजाद कराने वाले ब्रिटिश नहीं बल्कि भारतीय सैनिक थे।

# ‘अंग्रेजों ने नहीं बल्कि भारतीय सैनिकों ने दिलाई हमें आजादी’

## इजराइल में बदलेगा स्कूल सिलेबस हाइफा के मेयर ने की घोषणा

## भारतीय सैनिकों की जीत का श्रेय ब्रिटिश आर्मी को देने से किया इंकार

## ओटोमन शासन से आजाद कराने वाले ब्रिटिश नहीं बल्कि भारतीय सैनिक थे

‘हमें गलत इतिहास पढ़ाया’

हाइफा के मेयर योना याहाव ने कहा, ‘मैं इसी शहर में पैदा हुआ और यहीं से ग्रेजुएट हुआ. हमें लगातार यही बताया जाता था कि इस शहर को अंग्रेजों ने आजाद कराया था, जब तक कि एक दिन हिस्टोरिकल सोसाइटी के एक व्यक्ति ने मेरे दरवाजे पर दस्तक नहीं दी और कहा कि उन्होंने गहरी रिसर्च की है और पाया है कि अंग्रेजों ने नहीं, बल्कि भारतीयों ने इस शहर को ओटोमन साम्राज्य से आजाद कराया था।’ इस लड़ाई को बैटल ऑफ हाइफा कहा जाता है। याहाव ने कहा कि हर स्कूल में हम सिलेबस बदल रहे हैं और कह रहे हैं कि अंग्रेजों ने नहीं, बल्कि भारतीयों ने हमें आजाद कराया। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान, भालों और तलवारों से लैस भारतीय घुड़सवार रेजिमेंटों ने तमाम मुश्किलों के बावजूद माउंट कार्मेल की चट्टानी ढलानों से ओटोमन सेनाओं को खदेड़कर शहर को आजाद कराया, जिसे ज्यादातर युद्ध इतिहासकार ‘इतिहास का अंतिम महान घुड़सवार अभियान’ मानते हैं।



**सेना मनाती है हाइफा दिवस**

भारतीय सेना हर साल 23 सितंबर को हाइफा दिवस के रूप में मनाती है, ताकि तीन बहादुर भारतीय घुड़सवार रेजिमेंटों - मैसूर, हैदराबाद और जोधपुर लांसर्स को श्रद्धांजलि दी जा सके, जिन्होंने 1918 में इसी दिन 15वीं इंपीरियल सर्विस कैवलरी ब्रिगेड की एक आक्रामक घुड़सवार कार्रवाई के बाद हाइफा को आजाद कराने में मदद की थी। इस जंग में उनकी बहादुरी के सम्मान में कैप्टन अमन सिंह बहादुर और दफादार जोर सिंह को इंडियन ऑर्डर ऑफ मेरिट (आईओएम) से सम्मानित किया गया। कैप्टन अनूप सिंह और द्वितीय लेफ्टिनेंट सगत सिंह को मिलिट्री क्रॉससे सम्मानित किया गया।

## हाइफा के हीरो थे दलपत सिंह

मेजर दलपत सिंह, जो हाइफा के हीरो के रूप में लोकप्रिय थे, को उनकी बहादुरी के लिए मिलिट्री क्रॉस से सम्मानित किया गया। इस युद्ध में जोधपुर लांसर्स के आठ सैनिक शहीद हुए और 34 घायल हुए। लेकिन उन्होंने 700 से ज़्यादा कैदी, 17 फ़ील्ड गन और 11 मशीन गन भी ज़ब्त कर लीं. भारतीय सैनिकों ने इस अभियान में अहम भूमिका निभाई, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में ओटोमन सेना की हार हुई। इजरायल में हाइफा, येरूशलम और रामले में भारतीय सैनिकों के स्मारक मौजूद हैं, जिनमें कुछ भारतीय सैनिक भी शामिल हैं जो यहूदी वंश के थे। इजरायल के इन शहरों के कब्रिस्तानों में करीब 900 भारतीय सैनिक दफन हैं। इन सैनिकों की बहादुरी को श्रद्धांजलि देने के लिए, भारतीय दूतावास, इजरायली अधिकारियों की मदद से, पवित्र भूमि में ‘द इंडिया ट्रेल’ स्थापित कर रहा है।

### दिल्ली में तीन मूर्ति हाइफा चौक

इजरायल के साथ मित्रता के प्रतीकात्मक संकेत के रूप में, भारत ने जनवरी 2018 में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की दिल्ली यात्रा के दौरान, इस ऐतिहासिक काम के बाद 1922 में नई दिल्ली में निर्मित प्रतिष्ठित तीन मूर्ति चौक का नाम बदलकर ‘तीन मूर्ति हाइफा चौक’ कर दिया था।

## खबर संक्षेप

### मेलोनी बायोग्राफी : पीएम मोदी ने लिखी प्रस्तावना



नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की ऑटोबायोग्राफी ‘आई एम जॉर्जिया - माय रूट्स, माय प्रिंसिपल्स’ के इंडियन एडिशन के लिए फॉरवर्ड लिखा है। इस किताब को जल्द ही भारत में रूपा पब्लिकेशंस लॉन्च करेगा। मोदी ने मेलोनी को एक ‘देशभक्त और बेहतरीन समकालीन’ नेता’ बताते हुए तारीफ की। साथ ही उनकी निजी और राजनीतिक यात्रा को भारत के लोगों के लिए प्रेरणादायक बताया। मोदी ने अपने रेडियो शो ‘मन की बात’ का जिक्र करते हुए इस किताब को मेलोनी की ‘मन की बात’ जैसा बताया। मोदी ने लिखा कि उनके लिए यह ‘बहुत बड़ा सम्मान’ है कि वे इस किताब की प्रस्तावना लिख रहे हैं और वे यह काम मेलोनी के प्रति ‘सम्मान, प्रशंसा और दोस्ती’ की भावना के साथ कर रहे हैं। जॉर्जिया मेलोनी की ऑटोबायोग्राफी 2021 में इतालवी भाषा में आई थी। अपने प्रस्तावना में मोदी ने अपने 11 साल के कार्यकाल में दुनिया के कई नेताओं से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। मेलोनी की आत्मकथा पहली बार इटली में 2021 में आई थी। मेलोनी की किताब इतावली के अलावा फ्रेंच, स्पैनिश, अंग्रेजी, जर्मन, पुर्तगाली भाषा में भी उपलब्ध है।

## सेना की ज्यादतियों के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन, गूंजे आजादी के नारे

# पीओके में सरकार के खिलाफ हुए लोग आर्मी पर पथराव, फौज ने चलाई गोली

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर/नई दिल्ली

पाकिस्तान के कब्जे वाली कश्मीर (पीओके) में शहबाज सरकार और सेना के खिलाफ बगावत हो गई है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) की अपील पर सोमवार को यहां बड़ा प्रदर्शन हुआ। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग महंगाई, बेरोजगारी, और पाकिस्तानी सेना के ज्यादतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे। इस दौरान, उग्र भीड़ ने सुरक्षा बलों के काफिले पर पथराव भी किया। कोटली में शनिवार को निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की थी, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सेना के खिलाफ- “हम तुम्हारी मौत हैं” जैसे नारे लगाए। पीओके में सोमवार को हाल के दिनों का यह सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन है, जिसमें हजारों लोग सड़कों पर हैं। पूरे इलाके में दुकानें, बाजार और सड़कें बंद हैं। आंदोलन को दबाने के लिए सरकार ने इंटरनेट बंद कर दिया और भारी तादाद में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है।

**खास बातें**

- ‘ये बातों से नहीं, जूतों से मानने वाले हैं’, हम तुम्हारी मौत हैं’
- स्थानीय वकील संघों ने और सिविल सोसाइटी ने किया प्रदर्शन का समर्थन



### पीओके के कई इलाकों में बंद-चक्काजाम

अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) के बंद और चक्का जाम के आह्वान पर मीरपुर, कोटली, रावलकोट, नीलम घाटी, केरन और अन्य जिलों में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए हैं। अधिकारियों ने आधी रात से ही सुरक्षाबलों की तैनाती और इंटरनेट सेवा बंद करके लोगों की आवाज को दबाने की कोशिश की थी। एक भाषण में एएसी नेता ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ‘ये बातों से नहीं, जूतों से मानने वाले हैं।’ नागरिक समाज गठबंधन एएसी ने राजनीतिक हाशिये पर होने और लंबे वक्त से चली आ रही आर्थिक उपेक्षा शिकायतों को उठाकर स्थानीय लोगों के बीच तेजी से लोकप्रियता हासिल की है। कमेटी की तरफ से एक 38 पॉइंट एजेंडा भी तैयार किया गया है, जिसमें उनकी प्रमुख मांगें दर्ज है। ‘अधिकार दो, नहीं तो विरोध होगा’ मुजफ्फराबाद में एएसी नेता शौकत नवाज मीर ने कहा, ‘हमारा अभियान किसी संस्था के खिलाफ नहीं है, बल्कि उन मौलिक अधिकारों के लिए है जिनसे हमारे लोगों को 70 साल से भी ज़्यादा समय से वंचित रखा गया है। शौकत नवाज मीर और अन्य अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) नेता इस्लामाबाद पर दशकों से उपेक्षा, भ्रष्टाचार और स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और स्वच्छ जल जैसे बुनियादी अधिकारों से वंचित रखने का आरोप लगाते रहे हैं।

### पूरे पीओके में जबरदस्त तनाव

पूरे पीओके में आशंका और चिंता चरम पर है। स्थानीय वकील संघों और सिविल सोसायटी ने भी इस विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया है और बंद को एक लोकतांत्रिक अधिकार बताया है। हालांकि, मुजफ्फराबाद में व्यापारी संघों ने रविवार को दुकानें खुली रखीं ताकि नागरिक जरूरी सामान जमा कर सकें। पाकिस्तान के ‘जबरन कब्जे’ से आजादी के नारे कई जिलों में गूंज रहे है। हालांकि एएसी नेताओं ने वादा किया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहेंगे, उन्होंने इस्लामाबाद को चेतावनी दी कि वे अपनी मूल मांगों पर कोई समझौता नहीं करेंगे।

### सरकार के साथ मैराथन वार्ता फेल

*डॉन अखबार में जिला मजिस्ट्रेट मुदस्सर फ़ारूक़ के हवाले से कहा गया, ‘शांति नागरिकों और प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है।’ यह कार्रवाई एएसी प्रतिनिधियों, पीओके प्रशासन और संघीय मंत्रियों के बीच मैराथन वार्ता के फेल होने के बाद हुई। वार्ता 13 घंटे तक चली, लेकिन एएसी की तरफ से एलीट क्लास के स्पेशल राइट और शरणार्थी सीटों को खत्म करने पर समझौता करने से इनकार करने पर यह विफल हो गई। शौकत नवाज मीर ने विरोध जारी रखने का संकल्प लेते हुए कहा कि बातचीत अधूरी और बेनतीजा रही है।*

## धोखाधड़ी केस : सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत को लगाई फटकार

# जमानत पर फटकार, दो जजों को ट्रेनिंग पर भेजा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने धोखाधड़ी के एक मामले में दी गई जमानत को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट और सेशन जज के जमानत देने के तरीके पर गंभीर सवाल उठाए हैं। दोनों न्यायिक अधिकारियों को दिल्ली न्यायिक अकादमी में सात दिन की स्पेशल ट्रेनिंग का निर्देश दिया गया है। अदालत ने कहा कि चार्जशीट सामग्री की जांच किए बिना जमानत आदेश पारित किए गए थे। कोर्ट ने पाया कि गंभीर तथ्यात्मक मैट्रिक्स के बावजूद जमानत नहीं दी जानी चाहिए थी। अदालत ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को मामले में जांच अधिकारियों की भूमिका की जांच करने का भी निर्देश दिया है। जमानत के सिद्धांतों को तथ्यों से जोड़ा जाना चाहिए, उन्हें शून्यता में लागू नहीं किया जा सकता है।

### कोर्ट ने जताई हैरानी

कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जताई कि एसीएमएम का आदेश चार्जशीट में उपलब्ध सामग्री की जांच किए बिना कैसे पारित कर दिया गया। कोर्ट ने खुद नोट किया था कि ‘धोखाधड़ी की कथित घटना में दोनों आरोपियों की भूमिका को चार्जशीट में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है।’ कोर्ट ने कहा कि जमानत के मामले मुख्य रूप से कानून के किसी भी सिद्धांत को लागू करने से पहले तथ्यों और परिस्थितियों पर तय किए जाने चाहिए।

### यह है मामला

*यह मामला आरोपी पति और उसकी सह-आरोपी पत्नी से संबंधित था, जिन पर एक करोड़ नब्बे लाख रुपये लेने और जमीन हस्तांतरित करने का वादा करने का आरोप था। बाद में पता चला कि वह जमीन पहले ही गिरवी रख दी गई थी और किसी तीसरे पक्ष को बेची जा चुकी थी। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट को बताया कि आरोपी आदतन अपराधी हैं और उनके खिलाफ इसी तरह के छह मामले लंबित हैं।*

### केरल : एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव पारित

तिरुवनंतपुरम। केरल विधानसभा ने विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ सोमवार को सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने यह प्रस्ताव सदन में पेश किया, जिस पर विपक्ष ने कुछ संशोधन सुझाए। सरकार ने इनमें से कई को स्वीकार किया और फिर प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## पानीपत की घटना प्रिंसिपल गिरफ्तार

# दूसरी के छात्र को उल्टा लटकाकर पीटा



पानीपत। हरियाणा के पानीपत से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जटल रोड स्थित एक निजी स्कूल में दूसरी कक्षा के छात्र को होमवर्क न करने पर खिड़की से उल्टा लटकाकर बेरहमी से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस ने वीडियो वायरल होने के बाद स्कूल ड्राइवर अजय और स्कूल की प्रिंसिपल रीना को जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित बच्चे की मां डोली ने बताया कि उनका 7 वर्षीय बेटा स्कूल का काम पूरा नहीं कर पाया था। स्कूल की प्रिंसिपल ने ड्राइवर अजय को बुलाकर बच्चे को सजा देने को कहा गया।

## यौन शोषण केस

# क्राइम सीन रीक्रिएट, चैतन्यानंद ले जाया गया प्रबंधन संस्थान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वयंभू धर्मगुरु स्वामी चैतन्यानंद पांच दिन के लिए पुलिस हिरासत में हैं। यहां उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। इस कड़ी में दिल्ली पुलिस की टीम उसको लेकर उस निजी प्रबंधन संस्थान पहुंची, जहां वारदात को अंजाम दिया गया था। वहां पुलिस और उनकी मौजूदगी में क्राइम सीन को रीक्रिएट किया गया। 62 साल के इस आरोपी बाबा को आगरा के एक होटल से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया, ‘चैतन्यानंद को उसके संस्थान ले जाया गया। वहां उसके कार्यालय, परिसर और छात्रावास में लगे सीसीटीवी कैमरों के बारे में पूछताछ की गई। छात्रावास के बाथरूम के बाहर भी सीसीटीवी कैमरे लगे थे। उसकी फुटेज उनके पास से बरामद एक मोबाइल फोन पर सीधे देखी जा सकती थी। अब उसका आमना-सामना उनकी ही तीन महिला सहयोगियों से कराया जाएगा।




■ 5 दिन की पुलिस हिरासत में है स्वयंभू धर्मगुरु

**यह है आरोप** : स्वामी चैतन्यानंद की इन तीनों महिला सहयोगियों पर छात्र-छात्राओं को धमकाने का आरोप है। इतना ही नहीं ये लोग बाबा द्वारा भेजे गए अश्लील मैसेज को डिलीट करने के लिए छात्राओं को मजबूर करती थीं। आरोपी जुलाई से विदेश में था। 6 अगस्त को भारत लौटा था। उसके खिलाफ केस दर्ज होने के बाद उसे देश छोड़ने से रोकने के लिए एक लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया था।

### यहां छिप रहा था चैतन्यानंद

बता दें, गिरफ्तारी के डर से चैतन्यानंद लगातार छिप रहा था। इस दौरान वृंदावन, मथुरा और आगरा के बीच कभी टैक्सियों में रुक जाता, तो कभी होटल लेकर रहता था। उन्होंने और उनके सहयोगियों ने प्रशासन और पुलिस से समर्थन हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय से संबंध होने का झूठा दावा भी किया। उनके पास से तीन मोबाइल फोन और एक आईपैड भी बरामद किया गया है।

## शब्द पहेली - 6004



**बाएँ से दाए**

1. इष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

**शब्द पहेली- 6003 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | ■ | अ | ■ | बी | र | ब | ल |
| ■ | ला | ■ | बा | ■ | म | हि | मा | ■ | ल | व |
| म | ■ | ■ | य | की | न | ■ | र | ■ | ■ | कु |
| त | क | ली | फ | ■ | चं | द्र | ■ | क | ल | श |
| बा | ■ | ड | ■ | रा | न | ■ | गी | ■ | ह | ■ |
| ला | प | र | वा | ह | ■ | का | र | गु | जा | री |
| ■ | र | ■ | दा | ■ | अ | स्त | ■ | मा | ■ | मा |
| प्र | ख | र | ■ | पा | प | ■ | म | न | च | ला |
| जा | ■ | ■ | शा | ■ | ह | न | न | ■ | ■ | गू |
| प | र | ■ | पि | ह | र | ■ | ह | ■ | शा | ■ |
| ति | जा | र | त | ■ | ण | ■ | र | ह | म | त |

## सूडोकु नवताल - 6014

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6013 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*

Also available on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Limited period offer, T&C apply. #Ex-showroom prices are applicable in Chhatisgarh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो, 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो, 9289922359, सरगुजा हीरो, 9289923110, कोरबाः शांति हीरो, 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो, 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो, 9289922373, आदित्य हीरो, 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो, 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो, 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो, 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर, 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स, 7587796622/7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स, 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स, 9754240437/8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो, 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स, 8889467369/8719087320, मुगेलीः महावीर, 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स, 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज, 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर, 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो, 9303571001/7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी, 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो, 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर, 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स, 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो, 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स, 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स, 6268000180/8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी, 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स, 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स, 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स, 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल्स, 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272/9340726288, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुरः पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौलीः इक्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमीः बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुरः ख़ुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांवः ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगरः जयसवाल ऑटो, 9926015773, बलंगीः नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथानः आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगरः मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमीः महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़ः पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरीः अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज, 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स, 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कसः उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन, 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी): सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो, 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो, 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415.

**खबर संक्षेप**

## टाटा कैपिटल का आईपीओ छह अक्टूबर को खुलेगा




**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी टाटा कैपिटल ने अपने बहुप्रतीक्षित 15,512 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 310-326 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम छह अक्टूबर को अभिदान के लिए खुलेगा और आठ अक्टूबर को बंद होगा।

# दुनिया की आठवीं मोस्ट-वैल्युएबल ऑटोमेकर कंपनी बनी भारत की 'मारुति'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- ग्लोबल रैंकिंग में नंबर एक पर रही टेस्ला
- मारुति सुजुकी का कुल मार्केट कैप लगभग 57 .6 बिलियन डॉलर

भारतीय कार निर्माता मारुति सुजुकी ने ग्लोबल ऑटो इंडस्ट्री में अपनी ताकत का फिर से सबूत दिया है। कंपनी ने दुनिया के सबसे वैल्युएबल ऑटोमेकरों की लिस्ट में आठवां स्थान हासिल किया है। बता दें कि मारुति सुजुकी की कुल मार्केट कैप लगभग 57.6 बिलियन डॉलर है।

इस उपलब्धि के साथ मारुति सुजुकी ने फॉक्सवैगन, फोर्ड, जनरल मोटर्स जैसे दिग्गजों से आगे निकल गई है। खबर के अनुसार, भारतीय मार्केट में बजटफ्रेंडली छोटी कारों ने कंपनी को घरेलू ग्राहकों के बीच मजबूत पकड़ दी है। कंपनी के वैश्विक निर्यात में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई।

**मारुति सुजुकी ने फोर्ड और फॉक्सवैगन को भी पीछे छोड़ा**

### जीएसटी में कमी का फायदा

मार्केट एक्सपर्ट के अनुसार, मारुति सुजुकी की यह ग्लोबल सफलता कई कारकों का नतीजा है। इनमें से एक महत्वपूर्ण वजह भारत में नए जीएसटी स्ट्रक्चर का होना है। बता दें कि जीएसटी सुधार के बाद कंपनी की छोटी कारों की कीमतें और अधिक किफायती हो गई हैं जिससे ग्राहकों की बुकिंग में भारी उछाल देखने को मिला। इसके अलावा, नए जीएसटी स्ट्रक्चर के बाद विदेशी निवेशकों की नजरें भारतीय ऑटो स्टॉक्स पर लौट आई हैं जिससे को सबसे भरोसेमंद ब्रांड के रूप में देखा जा रहा है।



### नंबर-1 पर है टेस्ला

ग्लोबल रैंकिंग की बात करें तो टेस्ला इस समय टॉप पर है। टेस्ला का मार्केट कैप 1.4 ट्रिलियन डॉलर है। इसके बाद टोयोटा का स्थान है जिसकी मार्केट कैप 314 बिलियन डॉलर है। जबकि तीसरे स्थान पर बीवाईडी है, 133 बिलियन डॉलर के साथ। इसके अलावा, फेरारी, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज-बेंज क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर हैं। मारुति सुजुकी का मार्केट कैप 57.6 बिलियन डॉलर है जो फोर्ड (46.3 बिलियन डॉलर), जनरल मोटर्स (57.1 बिलियन डॉलर) और फॉक्सवैगन (55.7 बिलियन डॉलर) से अधिक है।

### कुल बिक्री में 60 प्रतिशत से ज्यादा छोटी गाड़ियों का योगदान

*भारत की सबसे बड़ी कार मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की 60 प्रतिशत से ज्यादा बिक्री छोटी कारों से होती है। 22 सितंबर को लागू हुए नए जीएसटी सिस्टम का भी सबसे ज्यादा फायदा मारुति को ही मिल रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक मारुति सुजुकी इंडिया का मार्केट कैप फोर्ड मोटर, जनरल मोटर्स और फॉक्सवैगन से आगे निकल गया है। ये सभी कंपनियां पिछले महीने या तो स्थिर रहीं या रैंकिंग में नीचे गिर गईं। मारुति सुजुकी इंडिया की पैरेंट कंपनी सुजुकी मोटर का मार्केट कैप 29 बिलियन डॉलर है।*

### मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक समीक्षा बैठक शुरू

# 1 अक्टूबर को आरबीआई कर सकता है बड़ा ऐलान, घट सकती है ब्याज दर

- नीतिगत ब्याज दरों पर फैसला लिया जाएगा
- इस बार नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखा जा सकता है
- कुछ 0.25 प्रतिशत की कटौती की संभावना जता रहे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*नीतिगत ब्याज दरों के बारे में फैसला करने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक सोमवार को शुरू हो गई। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार नीतिगत दरों को स्थिर रखा जा सकता है जबकि कुछ जानकारों ने 0.25 प्रतिशत की कटौती की संभावना जताई है।*

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह-सदस्यीय एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसले की घोषणा बुधवार को की जाएगी। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब वैश्विक तनाव और अमेरिका की तरफ से भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत का ऊंचा शुल्क लगाए जाने से भारी दबाव बना हुआ है।

### इस साल एक प्रतिशत की कटौती की जा चुकी

रिजर्व बैंक इस साल फरवरी से अब तक तीन चरणों में नीतिगत रेपो दर में कुल एक प्रतिशत अंक की कटौती कर चुका है। हालांकि अगस्त की द्विमासिक समीक्षा में उसने रेपो दर में कोई बदलाव न करते हुए उसे 5.50 प्रतिशत पर स्थिर रखा था।

### दिसंबर में कटौती संभव

गोल्डमैन सैश की रिपोर्ट में रेपो दर को यथावत और नीतिगत रुख को तटस्थ रखे जाने की उम्मीद जताई गई है। हालांकि यह रिपोर्ट कहती है कि एमपीसी की दिसंबर में होने वाली अगली बैठक में 0.25 प्रतिशत की एक और कटौती हो सकती है।




### घरों की खरीद तेज होगी

घरों की बिक्री के ऑनलाइन मंच हाउसिंग डॉटकॉम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रवीण शर्मा ने कहा, /"त्योहारी मौसम घरों की खरीदारी के लिहाज से सबसे माकूल समय रहता है। ऐसे में अगर आरबीआई ब्याज दरों में और कटौती करता है तो इससे घरों की खरीद की रफ्तार को तेजी मिलेगी।/"

### ब्याज में कटौती से घर खरीदने की क्षमता बढ़ेगी

क्रिसुमी कॉरपोरेशन के चेयरमैन अशोक कपूर ने भी कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति के निचले स्तर पर रहने के बीच रेपो दर में कटौती से घरों की खपत तेज होगी। बेटर चॉइस रियल्टर्स के मुख्य बिक्री अधिकारी अजय त्यागी ने कहा, जीएसटी कटौती के साथ दर कटौती होने से लोगों की घर खरीदने की क्षमता और बढ़ेगी।

### खुदरा मुद्रास्फीति सुस्त

हालांकि बजाज ब्रोकिंग की रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजार आमतौर पर दरों में किसी बदलाव की उम्मीद नहीं कर रहा है। रियल एस्टेट क्षेत्र का मानना है कि खुदरा मुद्रास्फीति सुस्त रहने और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के स्लैब में बदलाव से करों के बोझ में आई कमी से नीतिगत दर में कटौती की गुंजाइश दिख रही है।

# टेस्ला ने भारत में 'मॉडल वाई' की आपूर्ति शुरू की

- नए मॉडल में घर के भीतर चार्जिंग की आसान सुविधा
- पार्किंग क्षेत्र में मुफ्त वॉल कनेक्टर भी दिया जाएगा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला इंडिया ने सोमवार को कहा कि उसने जुलाई में पेश किए गए वाहन 'मॉडल वाई' की आपूर्ति शुरू कर दी है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि मॉडल की पेशकश के दो महीने के भीतर ही इसकी आपूर्ति शुरू करना भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदने और टिकाऊ विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी ने बताया कि नए मॉडल वाई के खरीदारों को उनके घर के भीतर चार्जिंग की आसान सुविधा के लिए पार्किंग क्षेत्र में मुफ्त वॉल कनेक्टर भी दिया जाएगा। अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की कंपनी टेस्ला का मॉडल वाई वर्ष 2023 और 2024 में दुनिया का सबसे ज्यादा बिकने वाला इलेक्ट्रिक वाहन रहा है।

### दो संस्करणों में होगी उपलब्ध

कंपनी ने इसे भारत में नए सिरे से डिजाइन कर पेश किया है। यह भारत में दो संस्करणों में उपलब्ध है जिसकी रेंज क्रमशः 500 किलोमीटर और 622 किलोमीटर है। उसने कहा कि लंबी दूरी वाले संस्करण की आपूर्ति जल्द ही शुरू की जाएगी।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)
**शुद्धि पत्र क्रमांक 02**

सिस्टम निविदा क्रमांक 175010/ निविदा सूचना क्रमांक 07/व.ले.लि./ 2025-26 गरियाबंद दिनांक 10.09.2025

गरियाबंद जिले के विकासखण्ड छुरा की पीपरछेड़ी जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का शेष मिट्टी का कार्य आर.डी. 870 मी. से 1140 मी. के मध्य नाला क्लोजर का कार्य, कटऑफ, रॉक टो, फिल्टर एवं पिंचिंग का निर्माण कार्य, स्लूस का मरम्मत कार्य, वेस्ट वियर का निर्माण कार्य एवं स्पिल चैनल में शूटफाफल का निर्माण कार्य।

| विवरण | पूर्व में | संशोधित |
|---|---|---|
| 1. निविदा देखने/डाउनलोड करने की तिथि: | दिनांक 25.09.2025, 17:31 | दिनांक 30.09.2025, 17:31 |
| 2. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : | दिनांक 09.10.2025, 17:30 | दिनांक 14.10.2025, 17:30 |
| 3. निविदा खोलने की तिथि : | दिनांक 10.10.2025, 11:30 | दिनांक 15.10.2025, 11:30 |

नोट: निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।
विज्ञापन क्रमांक 252603584/ दिनांक 18.09.2025

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, गरियाबंद
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
जी. 252603835/4


# रुपया अब तक के अपने सबसे निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सात पैसे टूटकर 88 .79 प्रति अमेरिकी डॉलर
- विदेशी पूंजी की लगातार निकासी जारी रही

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 88.79 (अस्थायी) के अपने अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और जोखिम से बचने की धारणा में वृद्धि के कारण रुपये में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं और अमेरिकी वीजा शुल्क वृद्धि के भारत के आईटी सेवा निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर निवेशकों की चिंता के कारण रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर के आसपास मंडरा रहा है। इसके अलावा, एक अक्टूबर को भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजों से रुपये और सरकारी बॉन्ड की चाल पर असर पड़ने की संभावना है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 88.69 पर खुला और अंततः सात पैसे की गिरावट के साथ 88.79 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो अब तक का इसका सबसे निचला बंद स्तर है। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक (मुद्रा और जिंस) अनुज चौधरी ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि कमजोर घरेलू बाजारों और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपया कमजोर बना रहेगा।

### क्रूड आयल में गिरावट

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 69.17 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में, सेंसेक्स 61.52 अंक गिरकर 80,364.94 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 19.80 अंक टूटकर 24,634.90 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे।

## अटलांटा 14 प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** बिजली, वाहन और इन्वर्टर के ट्रांसफॉर्मर बनाने वाली कंपनी अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 754 रुपये से करीब 14 प्रतिशत की बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ।

बीएसई पर शेयर ने 858.10 रुपये पर शुरुआत की जो निर्गम मूल्य से 13.80 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। बाद में यह 14.54 प्रतिशत चढ़कर 863.70 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर 13.66 प्रतिशत के बढ़त के साथ 857 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 6,323.21 करोड़ रुपये रहा।


**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**ऑन लाईन निविदा निरस्तीकरण सूचना**
**जी. 252603703 दिनांक 24.09.2025**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जिला-जांजगीर-चांपा अंतर्गत विकासखण्ड बम्हनीडीह के नगर सारागांव की आवर्धन जलप्रदाय योजनान्तर्गत डी.आई. क्लास के 7 कुल 3500 मीटर विस्तार कार्य की निविदा प्रतिशत दर फार्म 'अ' में निम्नानुसार आमंत्रित की गयी थी :-

| सिस्टम नं. | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 176297 | 82.48 |

उपरोक्त निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
जी 252603856/2


## रिलायंस पावर सिंगापुर की बायोट्रस्टर को बेचेगी हिस्सा




**नई दिल्ली।** रिलायंस पावर ने इंडोनेशिया की कई अनुषंगी कंपनियों की अनुषंगियों की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी सिंगापुर की बायोट्रस्टर प्राइवेट लिमिटेड को करीब 1.2 करोड़ डॉलर में बेचने की सोमवार को जानकारी दी। प्राइवेट लिमिटेड और बायोट्रस्टर (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड के बीच शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।


**छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड (छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)**
अवंति विहार, सेक्टर-2, मकान नं. एन/13, एटीएम चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)
Phone/Fax: 0771-2252333 Email:- cgmatikalaboard@gmail.com
Website:- www.cgmatikalaboard.in

क्र. 464/विकास/माटीकला/2025-26 रायपुर, दिनांक : 25/09/25

**कुंभकार टेराकोटा योजनान्तर्गत उन्नत गियर्ड इलेक्ट्रिक पॉटर व्हील क्रय किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड द्वारा कुंभकार टेराकोटा योजनान्तर्गत कुंभकारों को उन्नत गियर्ड इलेक्ट्रिक पॉटर व्हील निःशुल्क वितरण किये जाने बाबत इलेक्ट्रिक पॉटर व्हील क्रय किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा (जैम पोर्टल के माध्यम से) आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शर्तों का अवलोकन विभागीय वेबसाईट www.cgmatikalaboard.in पर किया जा सकता है तथा निविदा जैम पोर्टल के माध्यम से भी डाउनलोड की जा सकती है। इच्छुक निविदाकार नीचे दर्शित समय-सारणी अनुसार निविदा प्रस्तुत कर सकते है। ऑनलाईन निविदा खोलने की अंतिम तिथि में अवकाश होने पर अथवा नियमानुसार कार्यालयीन संपादन हेतु शासन अनुसार निर्धारित कार्य संपादन समय ना होने पर, निविदा आगामी कार्यालयीन दिवस पर खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | GEM/2025/B/6728212 |
| निविदा प्रकाशन की तिथि | 25/09/2025 |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 25/10/2025, शाम 07:00 बजे तक |
| अमानत राशि (MDE) राशि | 4,50,000/- (अक्षरी चार लाख पचास हजार रूपये मात्र |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 25/10/2025, शाम 07:30 बजे |

प्रबंध संचालक
छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड, रायपुर (छ.ग.)
संवाद-45404



**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdogmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/अम्बिकापुर मंडी/66-2/25-26/5178 रायपुर, दिनांक 26/09/2025,

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति अम्बिकापुर जिला सरगुजा अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रपत्र "अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:-

**ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि- 17.10.2025 फिजिक्ल सबमिशन की अंतिम तिथि- 24.10.2025**

| क्र. | कार्य का नाम/ स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपज मंडी समिति अम्बिकापुर वि.स. क्षेत्र सीतापुर जिला सरगुजा क्षेत्रान्तर्गत वि.ख. मैनपाठ के ग्राम/ग्राम पंचायत कोटछाल, परपटिया, वि.ख. सीतापुर के पेटला, देवगढ, कुनमेरा, वि.ख. बतौली के टिरग, पोपरेंगा में सी.सी. रोड निर्माण। | 183.85 | लो.नि.वि. सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2025 से प्रभावशील एस.ओ.आर. |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/- सचिव
कृषि उपज मंडी समिति अम्बिकापुर जिला सरगुजा

सही/- भारसाधक अधिकारी,
कृषि उपज मंडी समिति अम्बिकापुर जिला सरगुजा

संवाद- 45416


# मूडीज ने स्थिर परिदृश्य के साथ भारत की रेटिंग 'बीएए3' पर बरकरार रखी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- विदेशी मुद्रा जारीकर्ता के लिए दी जाती है रेटिंग

मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को भारत के लिए 'स्थिर' परिदृश्य के साथ दीर्घकालिक स्थानीय और विदेशी मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग और स्थानीय मुद्रा वरिष्ठ असुरक्षित रेटिंग को बीएए3 पर बरकरार रखा। स्थानीय-मुद्रा और विदेशी-मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग, किसी देश की समग्र ऋण-पात्रता और दायित्वों को पूरा करने की क्षमता को बताती है। वहीं स्थानीय मुद्रा वरिष्ठ असुरक्षित रेटिंग, उधारकर्ता की असुरक्षित ऋण चुकाने की क्षमता को दर्शाती है। यह कर्ज लेने वाले की अपनी मुद्रा में ऐसा ऋण होता है जिसके लिए कोई गारंटी नहीं होती। इसके साथ वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने भारत की अन्य अल्पकालिक स्थानीय मुद्रा रेटिंग को भी पी-3 पर कायम रखा।

### सरकारी साख को एक पायदान बढ़ाया

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की दीर्घकालिक स्थानीय-मुद्रा (एलसी) बॉन्ड सीमा ए2 पर अपरिवर्तित बनी हुई है और इसकी दीर्घकालिक विदेशी-मुद्रा (एफसी) बॉन्ड सीमा ए3 पर अपरिवर्तित बनी हुई है। इससे पहले 14 अगस्त को, एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की सरकारी साख को 'बीबीबी-' से एक पायदान बढ़ाकर 'बीबीबी' कर दिया था।


**छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग रायगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 13.10.2025 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 176541 | 24/व.ले.लि./ 2025-26 दिनांक 26.09.2026 | रायगढ़ जिले के विकासखण्ड रायगढ़ अंतर्गत चक्रधर नगर स्थित आवास में नये आवासीय भवनों का निर्माण कार्य। | 280.54 | द्वितीय आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 03.10.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग रायगढ़
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)
जी. 252603822/4



**कार्यालय कलेक्टर बिलासपुर (छत्तीसगढ़) एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग धारा अन्तर्गत 93**

// अधिसूचना //
भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 59 अ-82/2017-18
बिलासपुर दिनांक 25-09-2025

उपर्युक्त भू-अर्जन प्रकरण में कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कोटा जिला बिलासपुर द्वारा ग्राम खरकेना प.ह.नं. 36 तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित निजी भूमि खसरा नंबर 645/8 रकबा 0.09 एकड़ / 0.036 हेक्टेयर भूमि को अरपा भैंसाझार बैराज परियोजना के तहत नहर निर्माण हेतु भू-अर्जन के प्रस्ताव के आधार पर भू-अर्जन अधिनियम 2013 की धारा 11 प्रारंभिक अधिसूचना तथा धारा 19 की अधिसूचना का प्रकाशन प्रावधानों के अनुसार किया जाकर छत्तीसगढ़ राजपत्र में क्रमशः 29.06.2018 तथा दिनांक 19.10.2018 को कराया गया है।

चूंकि अब कार्यपालन अभियंता जल संसाधन कोटा के द्वारा भू-अर्जन की कार्यवाही हेतु प्रकरण में सम्मिलित उक्त भूमि खसरा नंबर 645/8 का रकबा 0.09 एकड़ / 0.036 हेक्टेयर जो कि खसरा नंबर 645/1 का बटांकन अंश भाग होने के कारण खसरा नंबर 645/8 में अर्जित रकबा 0.09 एकड़ को भू-अर्जन से मुक्त करने के अनुरोध पर भू-अर्जन अधिनियम की धारा 93 के अनुसार प्रत्याहरण किया जाता है।

1- प्रत्याहरण हेतु भूमि का विवरण-ग्राम खरकेना तहसील सकरी, जिला बिलासपुर

| क्रमांक | खसरा नंबर | रकबा |
|---|---|---|
| 1. | 645/8 | 0.09 एकड़ / 0.036 हेक्टेयर |

2- भू-अर्जन की कार्यवाही से मुक्त किये जाने हेतु भूमि का ब्यौरा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर जिला बिलासपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भू अर्जन अधिकारी तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
(संजय अग्रवाल)
कलेक्टर बिलासपुर एवं पदेन उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग

जी 252603837/2



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 176661/निविदा सूचना क्रमांक 02/वलेलि/2025-26, कसडोल, दिनांक 26.09.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 17.10.2025 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

**कार्य का नाम :** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखण्ड सिगगा की देवरीडीह जलाशय योजना के मुख्य बांध के आर.डी. 970 भी. से आर.डी. 1030 मी. तक का निर्माण, आर.डी. 0 मी. से 970 मी. एवं आर.डी. 1030 मी. से आर.डी. 2050 मी. तक बांध का रिसेक्सनिंग कार्य, 01 नग हेड स्लूस, 01 नग वेस्ट वियर, 01 नग बाक्स कलवर्ट, मुख्य नहर आर.डी. 0 मी. से 5200 मी. तक सी.सी. लाईनिंग, 03 नग स्ट्रक्चर्स एवं 27 नग कुलाबा निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत : रूपये 608.42 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.egstate.gov.in पर दिनांक 03.10.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट: निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन निर्माण संभाग, कसडोल
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
जी 252603833/5

## तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक, सचिव सहित अध्यक्ष के परिजनों के खिलाफ पूरक चालान

# पदाधिकारियों ने अपने परिजन, परिचितों का गलत तरीके से पीएससी में कराया चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीजीपीएससी भर्ती घोटाला में सीबीआई ने स्पेशल कोर्ट में पांच लोगों के खिलाफ करीब दो हजार पन्नों का पूरक चालान पेश किया है। सीबीआई ने पिछले दिनों तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक, तत्कालीन सचिव जीवन किशोर ध्रुव, उसके बेटे सुमित ध्रुव तथा सीजीपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सोनवानी के भाई की पुत्रवधु दीपा आडिल, मिशा सोनवानी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर छह अक्टूबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया है। कोर्ट में चालान पेश करते हुए सीबीआई के वकील ने कोर्ट को बताया है कि मामले की जांच जारी है।

इससे आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में सीजीपीएससी परीक्षा भर्ती घोटाला में सीबीआई के अफसर और अन्य लोगों को गिरफ्तार कर सकते हैं। कोर्ट में पेश किए गए चालान में परीक्षा भर्ती गड़बड़ी में आरोपियों की भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक उल्लेख किया गया है। सीबीआई के वकील ने कोर्ट में तर्क पेश करते हुए कहा है कि अब तक गिरफ्तार किए गए आरोपियों से मिले तथ्यों के आधार पर सीबीआई आगे की जांच कर रही है।

**अफसरों ने रिश्तेदारों के लिए की थी परीक्षा में गड़बड़ी**

### सीबीआई ने सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में पूर्व परीक्षा नियंत्रक सचिव समेत पांच को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में सीबीआई ने पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक, तत्कालीन सचिव जीवन किशोर ध्रुव समेत पांच को गिरफ्तार किया है। इनमें दोनों अफसरों के अलावा उनके निकटतम रिश्तेदारों के साथ सीजीपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सोनवानी के रिश्तेदार भी शामिल हैं। सीबीआई ने पांचों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें पूछताछ करने 22 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर भेजने का कोर्ट ने फैसला सुनाया।

सीबीआई ने जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें पूर्व परीक्षा ⏭ शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप

**यह है पूरा मामला**

वर्ष 2021 में सीजीपीएससी भर्ती प्रक्रिया में 1 लाख 29 हजार 206 उम्मीदवारों ने प्रारंभिक परीक्षा दी, जिनमें से 2 हजार 548 मुख्य परीक्षा के लिए चुने गए। इनमें 509 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार चरण पार किया और 170 को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया। आरोप है कि चयनित उम्मीदवारों में कई आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों से सीधे जुड़े हुए थे। भर्ती परीक्षा गड़बड़ी में इससे पहले ⏭ शेष पेज 7 पर

### दायित्वों का सही तरीके से नहीं किया निर्वहन

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि सीजीपीएससी के तत्कालीन पदाधिकारियों ने अपने परिजनों, रिश्तेदारों आदि का लेनदेन कर गलत तरीके से चयन कराया। परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक पर आरोप है कि उन्होंने पेपर लीक होने के बाद भी अपना दायित्व का सही ढंग से निर्वहन नहीं किया। इस वजह से गलत तरीके से अपात्र लोगों का सीजीपीएससी में चयन हुआ। 2021 में सीजीपीएससी भर्ती प्रक्रिया में 1 लाख 29 हजार 206 उम्मीदवार प्रारंभिक परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 2 हजार 548 मुख्य परीक्षा के लिए चुने गए। इनमें 509 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार हुए। बाद में 170 को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया। इसमें चयनित उम्मीदवारों में कई आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों से सीधे जुड़े हुए थे।

# आरक्षक ने कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा से किया दुष्कर्म

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले में पदस्थ एक आरक्षक पर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा से दुष्कर्म का आरोप लगा है। आरोपी ने छात्रा से पहले दुष्कर्म किया और फिर माफी मांग ली लेकिन बाद में फिर से उसने छात्रा को अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद छात्रा ने पढ़ाई छोड़ दी। अब इस मामले में आईजी के निर्देश पर जशपुर जिले में शून्य पर अपराध दर्ज किया गया जबकि बलरामपुर में नम्बरी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

बताया जा रहा है कि मूलतः जशपुर जिले के बगीचा में रहने वाली 21 वर्षीया छात्रा बलरामपुर में अपने रिश्तेदार के घर रहकर बीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। बलरामपुर में रहने वाले उसके रिश्तेदार पति-पत्नी भी पुलिस विभाग में पदस्थ है। आरोप है कि कि छात्रा का परिचय बलरामपुर पुलिस लाइन के वाहन शाखा में पदस्थ आरक्षक सत्येन्द्र पाठक से हुआ था। 22 फरवरी को जब उसके रिश्तेदार ड्यूटी पर गए तो दोपहर में सत्येन्द्र पाठक घर में घुस आया और छात्रा से रेप किया। दुष्कर्म के बाद आरक्षक भाग निकला। जब छात्रा के रिश्तेदार ड्यूटी से वापस लौटे हो उसने घटना की जानकारी दी जिसके बाद रिश्तेदार पुलिसकर्मियों ने आरक्षक सत्येंद्र को घर में बुलाकर पूछताछ की। इस दौरान आरक्षक ने दोबारा इस प्रकार की कोई हरकत नहीं करने की कसम खाई और उसके रिश्तेदारों को अपराध दर्ज नहीं करने के लिए मना लिया। इस घटना के दो सप्ताह बाद फिर से आरक्षक सत्येन्द्र पाठक ने छात्रा को अकेले पाकर अपनी स्कूटी में बैठकर अपने घर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी हुई छात्रा ने घटना की जानकारी किसी को नहीं दी और पढ़ाई छोड़कर वापस घर चली गई। अप्रैल माह में उसने घटना की जानकारी अपने परिजन को दी जिसके बाद परिजन उसे लेकर बलरामपुर थाना आए लेकिन पुलिस ने उनकी शिकायत नहीं लिखी। ऐसे में परेशान होकर छात्रा और परिजन ने आईजी सरगुजा से शिकायत की। शिकायत के बाद आईजी के निर्देश पर बगीचा पुलिस ने 22 सितम्बर को शून्य पर आरक्षक सत्येंद्र पाठक के खिलाफ धारा 332 (ख) एवं 64 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है। केस डायरी बलरामपुर पुलिस को भेज दी गई है।

### चल रही है जांच

जशपुर जिले में शून्य पर अपराध दर्ज कर केस डायरी भेजी गई है। इस मामले में नम्बरी अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी

# प्रेग्नेंट नाबालिग पर अबॉर्शन का दबाव, किशोरी ने प्रेमी की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गंज थाना क्षेत्र की पुलिस ने बिलासपुर पुलिस की सूचना पर एक लॉज के कमरे से एक युवक की लाश बरमाद की है। युवक की हत्या करने के बाद नाबालिग लड़की ने घर पहुंचकर अपनी मां को घटना के बारे में जानकारी दी, तब लड़की को लेकर उसकी मां अपने क्षेत्र के संबंधित थाने लेकर गई। वहां उसने पुलिस को घटना की जानकारी दी, तब गंज पुलिस को होटल में युवक की हत्या करने की जानकारी मिली। हत्या की वजह मृतक द्वारा अपनी प्रेग्नेंट नाबालिग प्रेमिका पर अबॉर्शन के लिए दबाव बनाना बताया जा रहा है। किशोरी को लेने पुलिस बिलासपुर रवाना हो गई है।

सत्कार गली स्थित एवन लॉज में पुलिस ने मूलतः बिहार, किशनगंज निवासी मोहम्मद सद्दाम की लाश बरामद की है। किशोरी रविवार को सद्दाम की हत्या कर रूम में ताला बंद कर चुपचाप बिलासपुर चली गई। घर पहुंचने के बाद किशोरी ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। इसके बाद नाबालिग की मां ने कोनी पुलिस की मदद से गंज पुलिस को घटना की जानकारी दी। सद्दाम अभनपुर स्थित एमएस इंजीनियरिंग में काम करता था। किशोरी के साथ सद्दाम की दोस्ती दो वर्ष पूर्व सोशल मीडिया के माध्यम से होने की बात सामने आई है।

- हत्या करने के बाद किशोरी ने घर पहुंचकर मां को दी जानकारी
- बेटी को मां ने कोनी थाने ले जाकर पुलिस को दी घटना की जानकारी



### दूसरे दिन पुनः कमरा बुक कराया

शनिवार को लॉज छोड़ने के बाद सद्दाम तथा किशोरी पुनः उसी लॉज में गए। वहां दोनों ने पुनः कमरा बुक कराया। दोपहर को खाना खाने के बाद दोनों सो गए। इस दौरान लड़की ने सद्दाम के बैग से चाकू निकालकर उसके गले में ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। सद्दाम की हत्या करने के बाद किशोरी रूम का ताला बंद कर चाबी रेलवे ट्रैक में फेंक कर बिलासपुर लौट गई।

### अबॉर्शन नहीं कराने पर जान से मारने की धमकी

जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती होने के बाद सद्दाम किशोरी से मिलने बिलासपुर जाता था। इस दौरान किशोरी प्रेग्नेंट हो गई। किशोरी ने इस बात की जानकारी सद्दाम को दी। इसके बाद सद्दाम ने किशोरी को मिलने शनिवार को रायपुर बुलाया। सद्दाम ने अपने आधार कार्ड से लॉज में कमरा बुक किया। बताया जा रहा है, सद्दाम ने किशोरी पर अबॉर्शन करने दबाव बनाया। किशोरी के अबॉर्शन कराने से इनकार करने पर सद्दाम ने उसे जान से मारने की धमकी की। इस पर दोनों के बीच सुलह हो गई। इसके बाद दोनों लॉज छोड़कर चले गए।

### आरपीएफ जवान ने कहा माता-पिता को लेकर आओ

बताया जा रहा है, गुस्से में आकर सद्दाम की हत्या करने के बाद किशोरी बुरी तरह से डर गई। उसे थाना की जानकारी नहीं थी। वह बिलासपुर जाने रेलवे स्टेशन पहुंची। स्टेशन में किशोरी ने एक आरपीएफ जवान को हत्या करने की जानकारी दी। आरपीएफ ने किशोरी को अपने मां-बाप को बुलाने कहा। बिलासपुर पहुंचने के दूसरे दिन सोमवार को घटना की जानकारी अपनी मां को दी।

### भाजपा बोली- कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व को प्रदेश नेतृत्व पर भरोसा नहीं रहा

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा, कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व का छत्तीसगढ़ के अपने नेताओं से भरोसा उठ गया है, शायद इसी कारण से प्रदेश में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बनाने के लिए फैसले दिल्ली में लिए जा रहे हैं और इस काम के लिए आब्जर्वर भेजे जा रहे हैं। यहां के नेताओं की आपसी सिर-फुटव्वल के कारण कांग्रेस के हाईकमान को इस प्रकार के निर्णय लेने पड़ रहे हैं।श्री ठाकुर ने कहा, कहीं-न-कहीं कांग्रेस कई धड़ों में बंटी हुई साफ नजर आ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कांग्रेस एक अलग तरीके से काम कर रही है तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की कांग्रेस अलग तरह से काम कर रही है। इधर, कांग्रेस हाईकमान को कभी भी आदिवासी नेतृत्व पर भरोसा नहीं रहा है, शायद इसीलिए श्री बैज को फ्री हैंड नहीं दिया गया और दिल्ली से ऑब्जर्वर भेजे जा रहे हैं।


**MANAPPURAM FINANCE LTD.**
CIN: L65910KL1992PLC006623,
Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/10/2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
बिलासपुर, लिंक रोड बिलासपुर, 131560700017838, 8002, मंगला चौक बिलासपुर, 122000700024929, सरगुजा, अंबेडकर चौक अंबिकापुर, 131880700021158, 131880730036463, खरसिया रोड अंबिकापुर, 131960700015060, 5120, 5305, 7726,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचान प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 7076372064 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड (सं./सं.) संम्भाग-बलरामपुर**

क्रमांक/का.यं.ब./क्रय/सूचना/3463 बलरामपुर, दिनांक 29.09.2025

**विद्युत बंद की सूचना**

बलरामपुर जिले के समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.09.2025 से 08.10.2025 तक उप संभाग राजपुर अन्तर्गत दीपावली पूर्व विद्युत लाईनो का आवश्यक सुधार कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिस हेतु निम्नलिखित सूची अनुसार विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।

| दिनांक | उपकेन्द्र/ फीडर का नाम | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 30.09.2025 | 11 के.व्ही. अलखडीहा फीडर 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र परस्ता | सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक | 11 के.व्ही. अलखडीहा फीडर से निकलने वाले ग्राम बासेन, जिगडी, उलिया, उफिया, जरहाड़ाड, चिलमा एवं लदकुड की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा |
| 01.10.2025 | 11 के.व्ही. बरियों फीडर 33/11 के.व्ही.उपकेन्द्र राजपुर सरनापरा | सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक | 11 के.व्ही. बरियों फीडर से निकलने वाले ग्राम परसागुड़ी, डिगनगर, नरसिंहपुर, मरकाड़ाड, चरगढ़, करजी एवं चिलमा की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा |
| 03.10.2025 | 11 के.व्ही. पाढी फीडर 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र परस्ता | सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक | 11 के.व्ही. पाढ़ी फीडर से निकलने वाले ग्राम पाळी, खटवाबरदर, एवं सरगयां की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा |
| 04.10.2025 | 11 के.व्ही. परस्ता फीडर 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र परस्ता | सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक | 11 के.व्ही. परस्ता फीडर से निकलने वाले ग्राम परता एवं परतीं की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा |
| 06.10.2025 | 11 के.व्ही. बरियों फीडर 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बरियों चारपारा | सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक | 11 के.व्ही. बरियों फीडर से निकलने वाले ग्राम बरियों एवं बधिमा की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा |
| 07.10.2025 | 11 के.व्ही. ककना फीडर 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बरियों चारपारा | सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक | 11 के.व्ही. ककना फीडर से निकलने वाले ग्राम ककना, आरा एवं बादा की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा |
| 08.10.2025 | 11 के.व्ही. धंधापुर फीडर 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र खोडरों | सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक | 11 के.व्ही. बंधापुर फीडर से निकलने वाले ग्राम धन्धापर, रेवतपुर, परसवार एवं खोखनिया की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा |

टीपः- आवश्कतानुसार समय में बदलाव किया जा सकता है।
विद्युत की बचत करें, समय पर विद्युत बिल का भुगतान करें।

संवाद- 45408

भवदीय, कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि., बलरामपुर


# एसीबी ने पीसीसी कार्यालय के अकाउंटेंट डडसेना के बारे में जानकारी मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले की जांच कर रही एंटी करप्शन ब्यूरो ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी को नोटिस भेजकर अकाउंटेंट देवेंद्र डड़सेना के बारे में जानकारी मांगी है।

देवेंद्र डड़सेना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में ही अकाउंटेंट के पद पर थे और पीसीसी कोषाध्यक्ष रामगोपाल के करीबी माने जाते हैं। देवेंद्र डड़सेना अभी शराब घोटाले मामले में जेल में है। कांग्रेस के प्रभारी महासचिव मलकीत गैंदू को एंटी करप्शन ब्यूरो ने भेजे गए नोटिस में कहा है कि देवेंद्र डडसेना जिस पद पर कार्यरत थे, उस संबंध में नियुक्ति की अवधि से संबंधित सभी दस्तावेज, कार्य और कर्तव्य की विस्तृत जानकारी और वेतनमान की जानकारी दी जाए।

- पीसीसी के प्रभारी महामंत्री को भेजा नोटिस

### तीन साल से गायब हैं रामगोपाल

रामगोपाल अग्रवाल लगभग पिछले एक दशक से छत्तीसगढ़ कांग्रेस के कोषाध्यक्ष पद पर काबिज हैं। जब भूपेश बघेल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष थे, तब भी रामगोपाल अग्रवाल कोषाध्यक्ष रहे। वर्ष 2018 में जब कांग्रेस की सरकार बनी और भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बने, तो रामगोपाल अग्रवाल का कद और बढ़ गया। कांग्रेस संगठन में कोषाध्यक्ष पद पर बने रहते हुए भूपेश बघेल ने इन्हें नागरिक आपूर्ति निगम का अध्यक्ष भी नियुक्त किया। इन दोनों मामलों में ईडी की गिरफ्तारी से बचने के लिए रामगोपाल अग्रवाल तीन साल से गायब हैं।


**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(1st Call)**

NIT NO: 2389 /Zone-5/ 2025 RAIPUR DATED: 26.09.2025

Online bids are invited for the following works up to 18.10.2025 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 176709 | जोन क्रमांक 05 अंतर्गत नगर निवेश विभाग हेतु 10 श्रमिक (अकुशल कलेक्टर दर पर प्लसेमेंट के माध्यम से उपलब्ध कराने बाबत। | Rs. 19.98 lacs |
| 2 | 176711 | जोन क्रमांक 05 अंतर्गत जल विभाग हेतु 14 श्रमिक 5 कुशल, 4 अर्द्धकुशल, 5 अकुशल कलेक्टर दर पर प्लसेमेंट के माध्यम से उपलब्ध कराने बाबत। | Rs. 29.71 lacs |
| 3 | 176714 | जोन क्रमांक 05 अंतर्गत 05 चौकीदार / सुरक्षा गार्ड कलेक्टर दर पर प्लसेमेंट के माध्यम से उपलब्ध कराने बाबत। | Rs. 11.98 lacs |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 27.09.2025 10.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Details and other document.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

ZONE COMMISSIONER
ZONE NO. 05 MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)



**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

**प्रेस विज्ञप्ति**

**ग्राम खमरिया में एसईसीएल प्रबंधकन द्वारा निर्मित राधाकृष्णा काम्पलेक्स की दुकान का आबंटन**

दिनांक 25.09.2025 को ग्राम खमरिया में एस. ई. सी. एल. प्रबंधन द्वारा निर्मित राधाकृष्णा काम्पलेक्स की दुकानो का आबंटन हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में छत्तीसगढ़ प्रशासन की ओर से तहसीलदार श्री बजरंग साहू, श्री अमित केरकेट्टा, पार्षद श्री माधव जायसवाल तथा एसईसीएल की ओर से महाप्रबंधक, कुसमुंडा क्षेत्र श्री सचिन पाटिल, स्टाफ आफिसर (सिविल) एवं अन्य अधिकारी तथा ग्रामवासी उपस्थित थे। मीटिंग में दुकान आवंटन हेतु ग्रामवासियों से चर्चा की गई और बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों से एक सूची बनाई गई। इस सूची में कुल 21 नामों की लिस्ट गांव वालों एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा सुझाई गई। तत्पश्चात् 20 दुकान एवं दुकान क्रमांक आवंटन के लिए लाटरी पद्धति अपनाई गई।

**दुकान आवंटन सूची**

1. अरविंद यादव पिता छबि लाल 2. हीरा बाई पति गोरे लाल 3. राजेष यादव पिता मालिक राम 4. मंजू यादव पति स्व. ओम प्रकाश 5. फुलेश्वर बाई पिता गंगा प्रसाद 6. विष्णु लाल पिता शिवराज 7. अनिल कुमार पिता जोहन लाल 8. ललिता यादव पति सुनील यादव 9. नोहर कुंवर पति महावीर 10. मेवालाल यादव पिता जगदीश 11. सुनीता यादव पति छेदीलाल 12. अक्षय कुमार यादव पिता सहदेव 13. संतोष कुमार पटेल पिता मेलुराम 14. रेशम यादव पिता हिंदोलाराम 15. अमित कुमार यादव पिता जीवन लाल 16. पुष्पा यादव पति बरतलाल यादव 17. सुनील कुमार यादव पिता अमृत लाल 18. ज्ञानदास पिता इतवार दास 19. राजीव यादव पिता निपन राम 20. प्रेमलाल पिता सुखनंदन

**उपरोक्त मीटिंग मे यह निर्णय लिया गया कि**

1. दुकान/एसईसीएल प्रबंधन द्वारा निर्मित है। इसे किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करना, किराये पर देना, हस्तांतरण करना, लोन लेना अवैधानिक है।
2. समस्त दुकान आबंटी दुकान का उपयोग व्यवसायिक गतिविधियों के लिए करेगा एवं आवासीय या भण्डारण के लिए उपयोग नहीं करेगा।
3. आबंटी समस्त करो एवं उपकरों के जमा करने हेतु उत्तरदायी होंगे तथा एसईसीएल प्रबंधन अवैधानिक कार्यो के संचालित होने पर तथा करो एवं उपकरों को निर्धारित समयों मे जमा नही करने पर उपरोक्त दुकान को आबंटी से वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
4. आबंटी को दुकान संचालन हेतु स्थानीय प्रशासन, न्यायालय एवं एसईसीएल द्वारा समय समय पर जारी किये गय नियमो एवं निर्देशो का पालन करना होगा।
5. आबंटी 3 महीने से अतिरिक्त समय तक दुकान का उपयोग नहीं करते है तो आंबटन निरस्त कर दिया जायेगा।
6. दुकान आबंटन प्रमाण पत्र प्राप्त करते समय, आबंटी समस्त नियम एवं षर्तो को मानने के लिए बाध्यकारी होगा।

उपरोक्त दुकान आवंटन सूची तथा नियम शर्तो से यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह इस प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से पंद्रह दिनों के अंदर महाप्रबंधक, कुसमुंडा क्षेत्र, को आवेदन कर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में, बैठक में लिया गया यह आबंटन निर्णय अंतिम और बाध्यकारी माना जाएगा, और भविष्य में इस विषय पर किसी भी आवेदन या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

SECL/25-26/183



**HDFC BANK**

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
शाखाः अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

**मांग-सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें। जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार. अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.

उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | **श्री आर्य मुकेश कुमार,** फ्लैट नंबर 502, 5वीं मंजिल, प्राइड सिटी, ब्लॉक पी-2, स.क्र. 318/2,319, 320/2, 321/2, ग्राम कटारा, प.ह.नं. 25; तहसील हुजूर, भोपाल मध्य प्रदेश 462003. **श्री आर्य मुकेश कुमार,** द्वारा-मुकीम अहमद, ब्लॉक नंबर-जी/2, फ्लैट नंबर-08 चौहान टाउन, फेज-2 (भाग-2) जुनवानी, सेक्टर 5 - भिलाई, दुर्ग-छत्तीसगढ़, पिन - 490006 - भारत। **श्री आर्य मुकेश कुमार,** भारती टेलीमीडिया लिमिटेड, रायपुर, नवभारत उद्योग भवन, तेलीबांधा रायपुर छ.ग. - 490006. **श्रीमती राय सोनी,** द्वारा-मुकीम अहमद, ब्लॉक नंबर-जी/2, फ्लैट नंबर-08 चौहान टाउन, फेज-2 (भाग-2) जुनवानी, सेक्टर 5 - भिलाई, दुर्ग-छत्तीसगढ़, पिन - 490006 - भारत। | ₹ 13,83,235/- as on 31-अगस्त-25 | 20 सितंबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग वाली फ्लैट संख्या 502, 'प्राइड सिटी' 5वीं मंजिल ब्लॉक पी-2, स.क्र. 318/2, 319, 320/2, 321/2, ग्राम कटारा, प.ह.नं. 25; तहसील हुजूर, जिला-भोपाल मध्य प्रदेश. |
| 2. | **श्री कुमार अनुज,** यूनिट-के-59, के-60, क्लासिक सिटी, स.क्र., ख.नं.170/2, 171/2-5 172/1-3-4, 177/2, 178/3, 179, 180 182/7-8-13, 248/1-2; प.ह.नं. 23/11; ग्राम- परसुलीडीह, रायपुर छ.ग.-492001. **श्री कुमार अनुज,** के 57, क्लासिक सिटी, इंडियन पेट्रोल पंप, परसुलीडीह (टेकारी), गिरोद-रायपुर,- छत्तीसगढ़, पिन - 493111 - भारत। **श्री कुमार अनुज,** मै. अनुज कुमार, मकान नंबर के-57, क्लासिक सिटी, परसुलीडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़,492001. | ₹ 25,71,309/- as on 31-अगस्त-25 | 20 सितंबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का प्लॉट्स यूनिट-के-59 और यूनिट-के-60, 'क्लासिक सिटी' स.क्र., खसरा नं. 170/2, 171/2-5, 172/1-3-4, 177/2, 178/3, 179, 180, 182/7-8-13, 248/1-2(भाग); प.ह.नं. 23/11; आरआईसी-धरसींवा 1, ग्राम-परसुलीडीह तह. और जिला- रायपुर छ.ग. |
| 3. | **श्रीमती मोटवानी रश्मि,** यूनिट-21, रहेजा होम्स (प्लॉट), स.क्र. 134/1, 135/1-2, 162, 163/3, 164/1-2, 209/4-5-17, प.ह.नं. 109/41; ग्राम- दलदल सिवनी; तह. एवं जिला. -रायपुर छ.ग.-492001. **श्रीमती मोटवानी रश्मि,** फ्लैट नंबर 201, ब्लॉक ए, दूसरी मंजिल, डॉल्फिन इम्प्रेस, मोवा, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001 - भारत। **श्रीमती मोटवानी रश्मि,** श्री गणेश स्टोर्स, बालाजी टावर, स्टेशन रोड, रायपुर-छ.ग. 492001. **श्री मोटवानी निखिल,** फ्लैट नंबर 201, ब्लॉक ए, दूसरी मंजिल, डॉल्फिन इम्प्रेस, मोवा, रायपुर-छ.ग., पिन - 492001 - भारत। **श्रीमती मोटवानी निखिल,** यूनिट-21, रहेजा होम्स (प्लॉट), स.क्र. 134/1, 135/1-2, 162, 163/3, 164/1-2, 209/4-5-17, प.ह.नं. 109/41; ग्राम- दलदल सिवनी; तह. एवं जिला. -रायपुर छ.ग.-492001. | ₹ 29,73,548/- as on 31-अगस्त-25 | 20 सितंबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का प्लॉट यूनिट-21 'रहेजा होम्स' (प्लॉट) स.क्र. 134/1, 135/1-2, 162, 163/3, 164/1-2, 209/4-5-17, प.ह.नं. 109/41; ग्राम- दलदल सिवनी; तहसील एवं जिला-रायपुर छत्तीसगढ़. |
| 4. | **श्रीमती अग्रवाल रेखा,** फ्लैट-604, फ्लोर-6, गोकुलधाम ब्लॉक सी, खसरा नं. 23/1-2, प.ह.नं.23, ग्राम-बैकुण्ठपुर, रायगढ़-छत्तीसगढ़ 496001. **श्रीमती अग्रवाल रेखा,** एलआईजी पी 504, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोतरा रोड, रायगढ़, बंगुरसिया - रायगढ़-हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रायगढ़, छत्तीसगढ़। पिन - 496001- भारत। | ₹ 15,19,969/- as on 31-अगस्त-25 | 20 सितंबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की आवासीय फ्लैट नंबर C-604, 'गोकुलधाम अपार्टमेंट' फ्लोर-6, गोकुलधाम, ब्लॉक सी, खसरा नं. 23/1-2, प.ह.नं. 23, ग्राम- बैकुण्ठपुर, तह. एवं जिला- रायगढ़, छत्तीसगढ़. |
| 5. | **श्रीमती सरोज सुधा,** यूनिट-शॉप-नंबर-04-ब्लॉक-1, फ्लोर-ग्राउंड, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड प्रोजेक्ट, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, कंचन जंगा, कबीर नगर, हीरापुर छत्तीसगढ़ 492001. **श्रीमती सरोज सुधा,** एमडी. 326, सेक्टर-3, राइस एन शाइन स्कूल रोड, कबीर नगर - रायपुर छ.ग. 492001. **श्रीमती सरोज सुधा,** मै. मां अन्नपूर्णा स्वीट्स एंड नमकीन, आदर्श चौक, कबीर नगर, वार्ड नंबर 2, रायपुर - छ.ग. 492001. **श्री पनिका बाजीनाथ,** रोटरी नगर, हीरापुर, टाटीबंध तेंदुआ-1, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन - 492099 - भारत। | ₹ 12,39,643/- as on 31-अगस्त-25 | 20 सितंबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग युक्त लीजहोल्ड दुकान, यूनिट-शॉप-नंबर-04, ब्लॉक-1, फ्लोर-ग्राउंड, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड प्रोजेक्ट कमर्शियल कॉम्प्लेक्स 'कंचन जंगा कॉम्प्लेक्स' कबीर नगर, हीरापुर, रायपुर, छत्तीसगढ़ |
| 6. | **श्रीमती तिवारी आरती,** खसरा 586/4, प.ह.नं. 16, मौजा उरला, वार्ड क्रमांक 58-उरला पूर्व वार्ड, जिला दुर्ग, ओम नगर रानिमं. सिकोला छत्तीसगढ़ 491001. **श्रीमती तिवारी आरती,** वार्ड क्रमांक 58, एरिना पब्लिक स्कूल, लोधी पारा, दुर्ग - छत्तीसगढ़, पिन - 491001 - भारत। **श्रीमती तिवारी आरती,** मै. मोहम्मद नाज़िम कंस्ट्रक्शन, वार्ड नंबर 47, लोधीपारा, उरला, दुर्ग छत्तीसगढ़ 491001. **श्री नाजिम मोहम्मद,** खसरा 586/4, प.ह.नं. 16, मौजा उरला, वार्ड क्रमांक 58-उरला पूर्व वार्ड, जिला दुर्ग, ओम नगर रानिमं. सिकोला छत्तीसगढ़ 491001. **श्री नाज़िम मोहम्मद,** वार्ड नंबर 58, एरिना पब्लिक स्कूल, लोधी पारा, उरला, दुर्ग, छ.ग. पिन-491001 - भारत। | ₹ 16,37,301/- as on 31-अगस्त-25 | 20 सितंबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का प्लाट, खसरा 586/4/2, प.ह.नं. 16, मौजा उरला, वार्ड नं. 58, उरला पूर्व वार्ड, ओम नगर, रानिमं. सिकोला, जिला दुर्ग छत्तीसगढ़. |
| 7. | **श्री पांडे दिलीप कुमार,** फ्लैट-एन-503, 5वीं मंजिल, ऋषभ सिटी प्राइम, स.क्र., 80/22, प.ह.नं. 19, पोटियाकलां, दुर्ग छ.ग.-491001. **श्री पांडे दिलीप कुमार,** मै. दिलीप कुमार पांडे, एलआईजी - 350, वार्ड नंबर - 49, पद्मनाभपुर, दुर्ग छ.ग. - 491001. **श्रीमती पांडे रेखा,** एलआईजी - 350, पद्मनाभपुर, वार्ड नंबर 49, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन - 491001 - भारत। **श्रीमती पांडे रेखा,** फ्लैट-एन-503, 5वीं मंजिल, ऋषभ सिटी प्राइम, स.क्र. 80/22, प.ह.नं. 19, पोटियाकलां, दुर्ग, छ.ग.-491001. | ₹ 10,06,494/- as on 31-अगस्त-25 | 20 सितंबर-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की आवासीय फ्लैट एन - 503, 5वीं मंजिल, 'ऋषभ सिटी प्राइम' स.क्र. 80/22(भाग), प.ह.नं. 19/23 पोटियाकलां, आरआईसी - दुर्ग 1, तह. एवं जिला- दुर्ग छत्तीसगढ़. |

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।
यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।
उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : रायपुर, दुर्ग, रायगढ़
दिनांक : 30.09.2025
पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम), मुंबई-400020
कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 'मेरी ट्रॉफी मेरी मर्जी'...

नकवी अपने साथियों के साथ खड़े थे। समझा जाता है कि बीसीसीआई ने एसीसी से कहा था कि टीम नकवी से पुरस्कार नहीं लेगी जो भारत विरोधी रवैये के लिये जाने जाते हैं। नकवी ने कुछ दिन पहले ही एक वीडियो पोस्ट किया था जिसमें फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो विमान क्रैश होने का इशारा करके गोल का जश्न मना रहे थे। नकवी का इशारा पाकिस्तान के उस दावे की ओर था कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद आपरेशन सिंदूर के दौरान उन्होंने भारत के छह जेट गिराये थे। पाकिस्तान की उस मांग के पीछे भी नकवी का हाथ था कि भारतीय सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव पर आईसीसी लेवल चार का अपराध लगाये। भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। फाइनल के बाद एक घंटे तक पाकिस्तानी खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम से नहीं आये।

### कैबिनेट आज, नए...

ओर से विदाई दी जाएगी। बताया गया है कि कैबिनेट की बैठक दोपहर 3.30 बजे होगी। इस दौरान राज्य से जुड़े कुछ अहम विषयों पर कैबिनेट में मंथन और निर्णय लिया जाएगा। सोमवार 30 सितंबर का दिन छत्तीसगढ़ की नौकरशाही के लिए इसलिए महत्वपूर्ण दिन होगा कि इस दिन राज्य को नए मुख्यसचिव मिलेंगे। यह उच्च प्रशासनिक स्तर का एक महत्वपूर्ण फेरबदल होगा। राज्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के रूप में लंबा कार्यकाल पूरा करने वाले अमिताभ जैन को सम्मानपूर्वक विदाई दी जाएगी। श्री जैन 30 जून को अपना नियमित कार्यकाल पूरा करने के बाद सेवानिवृत्त हो गए थे। लेकिन इसी दिन उन्हें तीन माह की सेवावृद्धि दी गई थी।अब उनका तीन महीने का यह अतिरिक्त कार्यकाल भी 30 सितंबर को समाप्त हो रहा है। खास बात ये है कि अमिताभ जैन राज्य में सबसे अधिक समय तक मुख्य सचिव के पद पर सेवाएं देने वाले अधिकारी रहे हैं।

### विकास शील होंगे...

ग्रहण करेंगे। विकास शील लंबे समय तक छत्तीसगढ़ के जिलों में कलेक्टर व अन्य पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। वे 2016 से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली व अन्य स्थानों पर कार्यरत रहे हैं।

### गृहमंत्री शर्मा बोले-...

हम नक्सलियों के शहरी नेटवर्क को भी ध्वस्त कर रहे हैं। गृहमंत्री ने कहा, पिछले दो साल में नए बेस बनाने की कोशिश कर रहे नक्सलियों को स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी लगातार ट्रैक कर रही है। रायपुर और कोरबा समेत अन्य शहरों में नक्सलियों का शहरी नेटवर्क उजागर किया गया है। जांच एजेंसी इसकी पूरी प्रोफाइलिंग कर रही है। शहरी नेटवर्क को ध्वस्त किया जा रहा है। वहीं, गृहमंत्री ने जनता से अपील की है कि, शहरी क्षेत्रों में किसी संदिग्ध गतिविधियों या किराएदार की जानकारी पुलिस को दें। पुलिस ने इसके लिए विशेष ऐप भी विकसित किया है, जिससे नागरिक आसानी से जानकारी साझा कर सकते हैं।

### गुजारे के लिए ...

का चक्कर लगाया लेकिन अधिकारी प्रधानपाठक से 25 हजार रूपए देने के बाद ही पेंशन प्रकरण बनाने की बात पर अड़ गए। मजबूरी में रिटायर्ड प्रधान पाठक को अपने भरण-पोषण के लिए पिछले डेढ़ साल से मजदूरी करनी पड़ रही है।

शासन द्वारा विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम इंदरपुर निवासी सुखलाल सिंह गोड़ आ.स्व.नानबुड़ा की नियुक्ति वर्ष 1995 में शिक्षाकर्मी वर्ग-3 के पद पर की गई थी। प्रशासन द्वारा विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत प्राथमिक शाला खरहरी जोर में उनको पदस्थ किया गया था। संविलयन उपरांत वर्ष 2018 में सहायक शिक्षक को उसी शाला में प्रधानपाठक पद पर पदोन्नत कर दिया गया। शासकीय नौकरी मिलने के बाद प्रधानपाठक अपनी पारिवारिक स्थिति सुधारने की लगातार कोशिशें करता रहा। उसने अपने दो बेटों को शिक्षित बनाने की भी जीतोड़ कोशिशें की लेकिन बेटे अपने पिता के वेतन की राशि से मौज करते रहे। वर्ष 2018 नवंबर में अर्धवार्षिकी आयु पूरी होने पर सुखलाल सिंह रिटायर हो गए । विभाग द्वारा उन्हें एनपीएस की कटौती राशि से 3.70 लाख का तत्काल भुगतान कर दिया गया। बेटों को जैसे ही रिटायर्ड पिता को लाखों रूपए मिलने की जानकारी मिली रोजी-रोजगार के लिए ट्रैक्टर खरीदने का दबाव डालने लगे। बेटों का दबाव इतना अधिक बढ़ गया कि सुखलाल सिंह को तत्काल एनपीएस की राशि से ट्रैक्टर खरीदना पड़ा। ट्रैक्टर खरीदने के बाद दोनों बेटे माता-पिता को छोड़कर अलग हो गए तथा पांच एकड़ पुस्तैनी जमीन को भी हथिया ली। बेटों के अलग होने के बाद सुखलाल सिंह के पास भरण-पोषण के लिए सिर्फ पेंशन का सहारा था। पेंशन के लिए उन्होंने 6 महीने तक बीईओ कार्यालय का चक्कर लगाया। इस दौरान कार्यालय का लिपिक आवश्यक दस्तावेज नहीं होने का हवाला देकर महीनों दौड़ाता रहा। अंत में सुखलाल जब अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर रोने लगे तो लिपिक ने बीईओ साहब से मिलने के लिए कहा। सुखलाल सिंह का कहना है कि बीईओ ने उनसे पेंशन प्रकरण बनाने के लिए 30 हजार रूपए की मांग की। रिटायर्ड प्रधान पाठक ने राशि नहीं होने एवं पेंशन से राशि का भुगतान करने का आग्रह किया लेकिन अधिकारी राशि देने के बाद ही पेंशन प्रकरण स्वीकृत करने की बात पर अड़े रहे। दो दिन पूर्व कुछ कर्मचारी नेताओं को इसकी भनक लगी तो उन्होंने कार्यालय के लिपिक से बात की। लिपिक शिक्षक को अपने सेवाकाल में स्कूल छोड़ मजदूरी करने एवं अधिकारी ने आवश्यक दस्तावेज अब तक उपलब्ध नहीं कराने का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लिया।

रिटायर्ड प्रधान पाठक सुखलाल सिंह ने बताया कि बेटों ने उसे 50 डिसमिल जमीन दी है जिसमें सिर्फ धान की थोड़ी सी फसल होती है। इस फसल से दो पति-पत्नी का गुजारा नहीं होता। जीविका चलाने के लिए अब मजदूरी करने के अतिरिक्त कोई चारा नहीं है। रिटायर्ड प्रधान पाठक सुखलाल सिंह पिछले छह महीनों से विकासखण्ड मुख्यालय ओड़गी से सटे ग्राम पाल दनौली में निर्माणाधीन एकलव्य आवासीय विद्यालय में मजदूरी कर रहा है। सुखलाल ठेकेदार और राजमिस्त्री के निर्देश पर कभी सिर पर ईट, गिट्टी ढोते हैं तो कभी सीमेंट का मसाला बनाते हैं। निर्माण कार्य में लगे अन्य मजदूरों की तरह ही वे सारा काम करते हैं।

### बारिश खत्म होते ...

लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी उस समय होती है जब गांव में कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाए या भी किसी गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो जाए। ऐसे में लोगों की जान खतरे में पड़ जाती है। यही वजह है कि ग्रामीण वर्षों से इस मार्ग पर पुल निर्माण की मांग कर रहे है। हालांकि शासन से मछली नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति पूर्व में ही मिल चुकी है लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हो पाई है।

### ट्रंप का एक और...

जैसी बड़ी कंपनियों ने अब तक इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। दरअसल, अब फिल्में सिर्फ अमेरिका में नहीं बनतीं, उनकी शूटिंग, फंडिंग, पोस्ट-प्रोडक्शन और वीएफएक्स का काम दुनियाभर में होता है। ऐसे में यह समझना मुश्किल है कि ट्रंप का 100% टैरिफ वाला फैसला कैसे और किन फिल्मों पर लागू किया जाएगा। कई जानकार इस बात को लेकर भी हैरान हैं कि विदेशी फिल्मों पर टैक्स लगाने का कोई कानूनी आधार है भी या नहीं। फिलहाल, इंडस्ट्री में असमंजस और बेचैनी का माहौल है। इसके अलावा, आजकल को-प्रोडक्शन यानी संयुक्त निर्माण का चलन बहुत बढ़ गया है, जहां एक फिल्म कई देशों के साथ मिलकर बनती है। अब ऐसे में ये तय करना और भी मुश्किल हो जाएगा कि किस फिल्म पर टैरिफ लगेगा और किस पर नहीं. हॉलीवुड के बड़े अधिकारी इस पूरे मसले को लेकर कन्फ्यूज़ हैं और अभी किसी साफ दिशा-निर्देश का इंतजार कर रहे हैं।

### पुलिस कमिश्नरी प्रणाली...

ने जो प्रारूप तैयार किया है, उसमें रिजर्व बल, थानों के बल से लेकर आईपीएस अफसर तथा राजपत्रित पुलिस अफसरों की संख्या का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया है। साथ ही डिवीजन से लेकर सब डिवीजन में कितने थाने होंगे, इसका भी रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है। ऐसे रहेगा सिस्टमः कमिश्नरी प्रणाली लागू करने जो सिस्टम लागू किया जाएगा, उसमें ओडिशा, भुवनेश्वर की तर्ज पर दो आईजी रैंक के अफसरों की पदस्थापना की जाएगी। उनकी सहायता के लिए आईपीएस स्तर के 2 अतिरिक्त आयुक्त, 6 पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), विधि अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी, लेखा अधिकारी, 31 अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, 68 निरीक्षक, सूबेदार और सेटअप के अनुसार सभी थानों में पुलिसकर्मियों को पदस्थ किया जाएगा। पुलिस आयुक्तालय को रायपुर के पीएचक्यू में शुरू कर 34 थानों को अटैच किया जाएगा ।

### एक ही दिन में...

साथ 1,18,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो शनिवार को 1,17,400 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमतों में भी भारी तेजी देखी गई और यह 7,000 रुपए उछलकर 1,50,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इससे लगातार चौथे सत्र में बढ़त दर्ज की गई। पिछले कारोबार में चांदी कीमत 1,43,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी बाजार में सोने और चांदी दोनों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। हाजिर सोना लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 3,824.61 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि चांदी दो प्रतिशत से अधिक बढ़कर 47.18 डॉलर प्रति औंस हो गई। विश्लेषकों के अनुसार, सर्राफा कीमतों में उछाल- मजबूत वैश्विक मांग और कमजोर डॉलर के कारण आया। निवेशकों ने निरंतर वैश्विक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता के बीच सुरक्षित निवेश की ओर रुख किया।

### मेडिकल कालेज में...

राजेन्द्र जायसवाल, सरकण्डा पुलिस, फोरेंसिक टीम व फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट उनके घर पहुंचकर जांच में जुट गए। इधर खबर लगते ही बड़ी संख्या में श्री सिंह के रिश्तेदार, परिचित उनके घर पहुंच गए थे। पुलिस ने लाइसेंसी बंदूक जब्त कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids सुनाई मशीन
• Dental/ दंत रोग
• मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756







हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेशिलिटी डायग्नोस्टिक
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स Lab Care DIAGNOSTICS
Mo.: 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवाएं उपलब्ध है।
50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच
पता- सीएसईबी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के सामने, दाल स्ट्रीट के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

## हरिभूमि Classified

epaper- www.haribhoomi.com
Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

### आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-सुबह से शाम तक घर में सात्विक शाकाहारी खाना बनाने, अन्य घरेलू कार्य हेतु लड़की चाहिए। शिक्षा 12वीं वेतन योग्यता अनुसार पता-वी-18, रामा लाइफ सिटी सकरी बिलासपुर 8319817966, 98930 81826 (38802)

**Requirment**-Sales Executive Qualification Bachelor Degree, 1-3yrs sales experience must Interview Date 04.10.2025, Saturday Time 11Am to 2Pm Place R-creative Construction, Off.-3, Second Floor CLC Plaza, Mangla Chowk Bilaspur 8827327345, 76468 32807 (38806)

**आवश्यकता है**-डेंटल क्लीनिक में कार्य करने हेतु असिस्टेंट मेल या फीमेल एवं रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रेम आपर्टमेंट स्वीमिंग पुल ग्राउण्ड के सामने मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 9111052333 (15337)

**आवश्यकता है**-मेट्रो स्टूडियो में फोटोग्राफी कार्य करने के लिये लड़कों की आवश्यकता है वेतन 7000 से 10000 तक सम्पर्क करें- मेट्रो स्टूडियो, प्रताप चौक, राम सेतु पुल के पास बिलासपुर 9685223336 (3177)

**आवश्यकता है**-ऑटोमेटिक घरेलू गाड़ी चलाने के लिए बिलासपुर निवासी अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- श्याम जाजोदिया, साई होम्स कॉलोनी विद्या नगर बिलासपुर 9300631699, 9009658881 (1048)

**आवश्यकता है**-सीए आफिस में चपरासी की आवश्यकता है। सुबह 8.30 से शाम 6बजे तक, 10वीं पास, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सीए दिनेश अग्रवाल मेन रोड विद्या नगर बिलासपुर 74409 69033, 7869354218 (38795)

**आवश्यकता है**-थोक दवाई एजेन्सी में कार्य करने हेतु एकाउन्टेन्ट, माल निकालने, पैकिंग करने हेतु लड़के, लड़कियां एवं ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गायत्री मेडिकल एजेन्सी, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 9827122105 (38777)

**आवश्यकता है**-आफिस कार्य,बिलिंग, प्रोडक्ट मैनैजमेंट हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए योग्यता डीसीए, बीसीए वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें-शिवा इन्टरप्राइजेस अरपा काम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9893081826, 95759 00007 (38801)

**आवश्यकता है**-गर्ल्स हॉस्टल में काम करने हेतु एक महिला मैनेजर, एक महिला कुक (नाश्ता, खाना बनाने हेतु) हेल्पर (साफ सफाई हेतु) दो महिलाएं चाहिए बॉयोडाटा सहित शाम 5बजे से 7बजे सम्पर्क करें- नर्मदा नगर बिलासपुर 7974357958 (38772)

**आवश्यकता है**-टेलीकॉलिंग हेतु युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है, योग्यता 8वीं, 10वीं से ग्रेजुएशन, वेतन 4000 से 5000+ कमीशन अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- गुरुनानक चौक तोरवा बिलासपुर 88717 98973, 7389532708 (298)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर 36मॉल और मेग्नेटो मॉल में सिनेमा फूड काउन्टर में कार्य करने के लिए 4 लड़को एवं 2 लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सैलरी 7000 से 8000 सम्पर्क करें-81094 00008, 9243958051 (38798)

**आवश्यकता है**-होटल में कार्य हेतु हेल्पर,मिठाई एवं खाना मिस्त्री, वेटर (लड़के, लड़की) सफाईकर्मी चाहिए वेतन योग्यता अनुसार, रहने, खाने की सुविधा पता- पाण्डेय स्वीट्स एंड नमकीन अशोक नगर बिलासपुर 99077 48408 (38792)

**आवश्यकता है**-रेडिमेड कपड़ा शोरूम में बच्चो का काउन्टर संभालने के लिये 3वर्ष के अनुभवी युवक सेल्समैन चाहिये वेतन 9000 से अधिक सम्पर्क करें- नेशनल होजयरी एनएक्स सदर बाजार बिलासपुर (38797)

**आवश्यकता है**-(1) मैनेजर 1पद (25वर्ष से ऊपर) (2) झाड़ू पोछा हेतु कर्मचारी। वेतन 10000 भोजन आवास ग्रामीणों को निःशुल्क ओरिजनल आईडी सहित सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9827940898, 9406390898 (38796)

**आवश्यकता है**-अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के लड़कियों की पद संख्या 950 वन रक्षक, फील्ड ऑफिसर, माली, वन सिपाही सैलरी 23500+47500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना+ खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधार कार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे- अनिल कुमार 9208433816 (1164)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रॉनिक, फर्नीचर शोरूम में काम करने हेतु सेल्समैन लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- सुधा सेल्स, सत्या शोरूम के बाजू में, नूतन चौक, सरकण्डा बिलासपुर 98274 97999 (38773)

**आवश्यकता है**-रेस्टोरेन्ट हेतु मैनेजर कम्प्यूटर,स्टोर,मार्केटिंग जानकार (स्वयं की बाइक हो) असिस्टेन्ट कुक, किचन हेल्पर, सर्विस हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- रेस्टोरेन्ट मुर्ग मसल्लम जरहाभाटा बिलासपुर 78791 21999 (1477)

**आवश्यकता है**-रायपुर आरंग के पास लिंगाड़ीह में पोल्ट्री फार्म में रहकर काम करने वाले मजदूर परिवार की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता आकर्षक वेतन इच्छुक मजदूर परिवार सम्पर्क करें-93405 29604, 6263644407 (7233)

**आवश्यकता है**-अम्माजी ट्रेडर्स में फील्ड कार्य हेतु सेल्स एवं कलेक्शन (रिकवरी) कार्य हेतु युवक की आवश्यकता है सम्पर्क करें-भगत सिंह कॉम्प्लेक्स के पीछे, दीनदयाल गार्डन के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 9685138652, 9098185147 (297)

### शैक्षणिक

**शैक्षणिक**-मैट्स विश्व विद्यालय मुक्त दूरवर्ती ऑन लाइन एजुकेशन शासकीय सेवा में मान्य, डीसीए, पीजीडीसीए, बीसीए, एमसीए, बीए, एमए, बीकॉम, एमकॉम, बीबीए, एमबीए, बीलिब, इनफॉर्मेशन सेन्टर- राजेन्द्र नगर चौक, बिलासपुर 95160 36581, 8959264581 (38718)

### बेचना

**बेचना है**-मंगला अमन विहार में 3BHK डबल मंजिल न्यू कंस्ट्रक्शन शानदार लोकेशन में मकान बेचना है कीमत 32 लाख सम्पर्क करें- 93012 27779 (38805)

**बेचना है**-रनिंग दवाई दुकान का रैक, काउन्टर, फ्रिज सीसीटीवी कैमरा कम्प्यूटर सेटअप सहित बेचना है। सम्पर्क करें- 8103450537 (38803)

**बेचना है**-बिलासपुर शहर के हृदय स्थल शनीचरी बाजार मेन रोड पर स्थित 12×21 की तीन मंजीला दुकान बेचना है कीमत 95लाख सम्पर्क करें- 74154 82163 (38776)

**बेचना है**-हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (38649)

**बेचना है**-देवरीखुर्द मंगल विहार कालोनी में न्यू कंस्ट्रक्शन 3BHK डबल मंजिल मकान शानदार लोकेशन कार पार्किंग 3 बेडरूम हॉल किचन बालकनी कीमत 35 लाख में बेचना है सम्पर्क करें- 9301227779 (38804)

### किराया

**किराया**-मिनोचा कॉलोनी, बाजपेयी कैसल में स्वतंत्र 3BHK अटैच लैटबाथ, पीछे आंगन, पोर्च, गार्डन, पार्किंग सुविधा, डुप्लेक्स मकान किराए से देना है किराया 15000, शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9907946146 (38794)




### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |




CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.
ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

# विश्व कप मिशन : घरेलू जमीन पर इतिहास रचने उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

अच्छे फॉर्म में चल रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम घरेलू मैदानों पर खेलने का फायदा उठाकर 47 साल बाद पहला आईसीसी खिताब जीतने के इरादे से मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ वनडे विश्व कप के पहले मैच में उतरेगी। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम 13वें विश्व कप में हालात से वाकफियत का पूरा फायदा उठाना चाहेगी। टूर्नामेंट 12 साल बाद भारत में हो रहा है। इसमें आठ शीर्ष टीमें आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान भाग लेंगी। सभी टीमें भारत में चार और कोलंबो में एक स्थान पर 28 लीग मैच राउंड रॉबिन आधार पर खेलेंगी।

### ईनामी राशि रिकॉर्ड 13.88 मिलियन डॉलर होगी

इस बार विश्व कप में ईनामी राशि रिकॉर्ड 13.88 मिलियन डॉलर है, जो 2022 की तुलना में चार गुना अधिक है। पुरुषों के 2023 विश्व कप में ईनामी राशि 10 मिलियन डॉलर थी और यह उससे भी अधिक है। श्रीलंका में 11 राउंड रॉबिन मैच खेले जाएंगे, जिसमें पाकिस्तान के 7 लीग मैच और भारत के खिलाफ 5 अक्टूबर का मैच शामिल है। एक सेमीफाइनल भी वहां होगा और पाकिस्तान फाइनल में पहुंचता है तो फाइनल भी वहीं खेला जाएगा।

### स्मृति बल्लेबाजी की धुरी

मौजूदा फॉर्म को देखें तो भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड को वनडे और टी20 श्रृंखलाओं में हराया है। इसके अलावा आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी हार का सिलसिला तोड़ा है। भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली में आखिरी वनडे में जीत के लिए 413 रन का लक्ष्य लगभग पार कर ही लिया था। भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना बल्लेबाजी की धुरी रही हैं, जो शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इस साल चार वनडे शतक लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 115.85 रहा है। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के साथ उन्होंने भारत को अच्छी शुरुआत दी है।

■ महिला विश्व कप का पहला मैच आज दोपहर 3 बजे से गुवाहाटी में भारत और श्रीलंका के बीच



### भारतीय टीम को दबाव में आने की आदत से पार पाना होगा

भारतीय टीम को बड़े मौकों पर दबाव में आने की आदत से भी पार पाना होगा। विश्व कप 2017 में जीत के करीब पहुंचकर टीम ने मैच गंवा दिया था और 2022 राष्ट्रमंडल खेल फाइनल में भी मामूली अंतर से आस्ट्रेलिया से हारी थी। टूर्नामेंट की सह मेजबान श्रीलंकाई टीम 2022 विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। श्रीलंका की उम्मीदें 20 वर्ष की हरफनमौला ड्यूमी विहांगा पर टिकी हैं जिसने त्रिकोणीय श्रृंखला में 11 विकेट लिये थे ।

### रेणुका की चोट के बाद वापसी

वहीं पांचवां विश्व कप खेल रही हरमनप्रीत बड़े टूर्नामेंटों में हमेशा अच्छा खेलती हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक और इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाया था। चोट से उबरी जेमिमा रौड्रिग्स ने इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 66 रन बनाए थे और वह मध्यक्रम को मजबूती देती हैं। रिचा घोष, हरलीन देयोल और दीप्ति शर्मा बल्लेबाजी को गहराई देते हैं जबकि अमनजोत कौर सीम गेंदबाजी हरफनमौला हैं। रेणुका सिंह चोट के बाद वापसी कर रही हैं, जिससे तेज आक्रमण मजबूत हुआ है। बाईस बरस की क्रांति गौड़ ने भी तेज गेंदबाजी में विविधता दिखाई है।

### दीप्ति, राधा, स्नेह और श्रीचरणी पर दारोमदार

इस साल इंग्लैंड दौरे पर चेस्टर ली स्ट्रीट में 52 रन देकर छह विकेट लेने वाली गौड़ जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव के बाद इंग्लैंड में वनडे में छह विकेट लेने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी है। रेणुका के अलावा भारत के तीन अन्य तेज गेंदबाजों क्रांति, अरुंधति रेड्डी और अमनजोत ने मिलकर 25 वनडे खेले हैं और गेंदबाजों ने हाल ही में 300 से अधिक स्कोर बनाने का विरोधी टीम को मौका दिया है। रेड्डी को अभ्यास मैच के दौरान चोट भी लगी थी जबकि अमनजोत ने भी चोट से उबरकर न्यूजीलैंड के खिलाफ वापसी की है। स्पिनर दीप्ति शर्मा, राधा यादव, स्नेह राणा और एन. श्री चरणी पर काफी दारोमदार होगा।

## खबर संक्षेप



### भारत का क्लीन स्वीप ओजस्वी के स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** ओजस्वी ठाकुर की अगुआई में भारत ने आईएसएसएफ जूनियर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर महिला एयर राइफल स्पर्धा में पदकों का क्लीन स्वीप किया। ओजस्वी के स्वर्ण के अलावा हृदया श्री कोंदुर और शंभावी क्षीरसागर ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया। ओजस्वी ने कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में फाइनल में अपने आठवें और 16वें शॉट में 10.9 के परफेक्ट स्कोर के साथ कुल 252.7 अंक के साथ खिताब जीता। हृदया श्री 250.2 अंक के साथ दूसरे जबकि क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही शंभावी 229.4 अंक के आथ तीसरे स्थान पर रही। भारतीय तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन में भी दबदबा बनाते हुए पहले तीन स्थान हासिल किए। शंभावी 632.0 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं जबकि उनके बाद ओजस्वी ने 631.9 और हृदया श्री ने 629.8 अंक जुटाए। क्वालीफिकेशन में आठवें स्थान पर रहीं क्रोएशिया की अनामरिजा तुर्क ने फाइनल में 206.6 अंक के साथ चौथा स्थान हासिल किया।

### सहजा-श्रीवल्ली को बीजेके कप में टीम की कमान

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने 14-16 नवंबर तक बेंगलुरु में होने वाले बिली जीन किंग (बीजेके) कप प्ले ऑफ के लिए सहजा यमलापल्ली की अगुवाई में पांच सदस्यीय टीम की घोषणा की। राष्ट्रीय चयन पैनल ने रैंकिंग के अनुसार सहजा (347), श्रीवल्ली भामिदीपति (374), अंकिता रैना (447), रिया भाटिया (499) और युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बारे (131) को चुना। वैदेही चौधरी रिजर्व खिलाड़ी होंगी। जील देसाई और श्रुति अहलावत को प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। भारत को स्लोवेनिया और नीदरलैंड के साथ ग्रुप जी में रखा गया है। इस ग्रुप की विजेता टीम को 2026 क्वालीफायर में जगह मिलेगी जबकि अन्य दो टीमें अगले साल ग्रुप एक में प्रतिस्पर्धा करेंगी। विशाल उप्पल टीम के कप्तान होंगे जबकि राधिका कानिटकर कोच होंगी।



### ताइवान मास्टर्स : संयुक्त 43वें स्थान पर संधू



**ताइपे सिटी।** भारतीय गोल्फर युवराज संधू अंतिम दौर में दो ओवर 74 के स्कोर से मरकरीज ताइवान मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खिलाड़ियों को जूझना पड़ा और बहुत कम खिलाड़ी ही अंडर पार का स्कोर बना पाए। संधू ने अंतिम दौर में चार बर्डी, तीन बोगी और एक ट्रिपल बोगी की। थाईलैंड के रतानोन वनासरिचान ने अंतिम दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से पांच अंडर के कुल स्कोर के साथ एक शॉट के अंतर से खिताब जीता।

## एशिया कप में अभिषेक ने बनाए सर्वाधिक 314 रन और कुलदीप ने झटके 17 विकेट

# टूर्नामेंट में अजेय रहा भारत, अभिषेक, कुलदीप ने बिखेरी चमक, सूर्यकुमार, हार्दिक रहे नाकाम

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत और पाकिस्तान के बीच तल्ख रिश्तों के कारण एशिया कप में मैदान से बाहर की चीजें काफी हावी रही लेकिन इस हंगामे के बीच प्रतिभा की चमक, नए सितारों का उदय और असफलता के आंसू देखने को मिले। भारत पूरे टूर्नामेंट के अपने सात मैचों के दौरान अजेय रहा। टीम को हालांकि श्रीलंका ने सुपर चार के महत्वहीन मैच में कड़ी टक्कर दी और पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मुकाबले का फैसला भी टूर्नामेंट के आखिरी ओवर में हुआ। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ खेले गए तीनों मैचों को छोड़कर अपने बाकी सभी मैच जीते। गत चैंपियन श्रीलंका को सुपर चार चरण में पाकिस्तान और बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट से पहले अफगानिस्तान से काफी उम्मीदें थे लेकिन टीम सुपर चार चरण में पहुंचने में विफल रही।




### भारत-पाक खिलाड़ियों के बीच तनातनी

भारतीय टीम एशिया कप चैंपियन बनीं लेकिन पूरे टूर्नामेंट में टीम के शानदार प्रदर्शन की जगह भारत और पाकिस्तान के बीच मैदान पर अपेक्षित सौहार्द की जगह तनातनी ने सुर्खियां बटोरी, जहां दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैच के दौरान और इसके बाद आक्रामक रवैया दिखाया। यह टूर्नामेंट शुरू से ही तनावपूर्ण रहा और फाइनल तक माहौल और गर्मा गया। भारत ने रविवार को रोमांचक फाइनल में पांच विकेट से जीत दर्ज की। इस टकराव की शुरुआत उस समय हुई जब भारत ने पहलगाम आतंकी हमले और भारतीय सुरक्षाबलों के समर्थन में पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। फाइनल आते-आते यह पूरी तरह एक दूसरे के खिलाफ टकराव जैसी स्थिति में बदल गया। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 18वें ओवर में एक शानदार यॉर्कर से हारिस रऊफ को बोल्ड किया और इसका जश्न सुपर चार चरण में रऊफ के 'विमान गिरने' के इशारे की नकल कर बनाया।

### वे काफी कुछ कह रहे थे, मैं बस बल्ले से जवाब देना चाहता था : तिलक

तिलक वर्मा एशिया कप के फाइनल के दौरान जब क्रीज पर आए तो पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ 'काफी टीका-टिप्पणी' की जिसने इस भारतीय बल्लेबाज को उनके अब तक के करियर की सबसे शानदार पारियों में से एक खेलने के लिए प्रेरित किया। शुरुआती ओवरों में विकेट गिरने के कारण भारतीय टीम मुश्किल स्थिति में थी। दोनों टीमों के बीच तनाव वाले माहौल के बीच तिलक को बहुत कुछ कहा भी गया, लेकिन उन्होंने अपना संयम बनाए रखा और काफी दबाव वाली परिस्थितियों में कमाल की बल्लेबाजी की।

### सूर्यकुमार मैच फीस करेंगे सशस्त्र बलों और पहलगाम पीड़ितों को दान

कप्तान सूर्यकुमार यादव एशिया कप से मिलने वाली पूरी मैच फीस भारतीय सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को दान करेंगे। भारत ने रविवार को पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर एशिया कप जीता। सूर्यकुमार ने मैच के बाद एक्स पर लिखा, 'मैंने इस टूर्नामेंट से अपनी पूरी मैच फीस हमारे सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को दान करने का फैसला किया है। आप हमेशा मेरे ख्यालों में हैं। जय हिंद।' भारतीय खिलाड़ियों को टी20 प्रारुप में हर मैच में चार लाख रुपए मिलते हैं यानी टूर्नामेंट के सात मैचों के लिए सूर्यकुमार को 28 लाख रुपए मिलेंगे। सूर्यकुमार ने 14 सितंबर को पहले ग्रुप मैच में पाकिस्तान पर मिली जीत को पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों और भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित किया था। पाकिस्तान ने उन पर राजनीतिक बयान देने का आरोप लगाकर आईसीसी से शिकायत दर्ज कराई थी और उन पर प्रतिबंध की भी मांग की थी।

### भारतीय खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर ट्रॉफी की 'इमोजी' के साथ मनाया जीत का जश्न

रऊफ ने इस हरकत से भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' का मजाक उड़ाया था। भारतीय सेना ने पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या के बाद पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' नामक सैन्य अभियान चलाया था। फाइनल में रऊफ के विकेट उखाड़ने के बाद बुमराह की यह प्रतिक्रिया उसी मजाक उड़ाने की कोशिश का करारा जवाब था। भारत ने बेहद तनावपूर्ण माहौल में खेले गए फाइनल मैच में कई बार पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए यादगार जीत दर्ज की। नकवी पुरस्कार समारोह के दौरान मंच से उतरने को तैयार नहीं थे और भारतीय खिलाड़ी उनके हाथों पुरस्कार नहीं लेना चाहते थे। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद सोशल मीडिया पर ट्रॉफी की 'इमोजी' के साथ जीत का जश्न मनाया।

### उतार-चढ़ाव से भरे टूर्नामेंट की समाप्ति पर आंकड़ों का विश्लेषण

- भारत का यह नौवां एशिया कप खिताब (वनडे और टी20 प्रारुपों को मिलाकर) है। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ भारत की लगातार नौवीं जीत भी है।
- अभिषेक शर्मा ने टी20 प्रारुप के रैंकिंग में शीर्ष स्थान को सही साबित करते हुए सात मैचों में 314 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तीन अर्धशतक जड़े और उनका सर्वोच्च स्कोर 75 का रहा। बायें हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने 44.85 की औसत और 200 के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर भारत को ज्यादातर मैचों में ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई।
- भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टूर्नामेंट में संघर्ष किया और सात मैचों में केवल 72 रन बनाए, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 47 रन रहा। उप-कप्तान शुभमन गिल के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी रही। उन्होंने सात मैचों में 47 के सर्वोच्च स्कोर के साथ 127 रन बनाए।
- तिलक वर्मा टूर्नामेंट के बड़े सितारों में से एक बनकर उभरे। उन्होंने सात मैचों में 213 रन बनाए, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में मैच जीतने वाली 69 रन की नाबाद पारी शामिल थी। यह टूर्नामेंट में उनका उच्चतम स्कोर भी था।
- हरफनमौला हार्दिक पांड्या के लिए भी यह टूर्नामेंट साधारण रहा। वह चोट के कारण फाइनल नहीं खेल सके। उन्होंने छह मैचों में 48 रन बनाए और चार विकेट लिए (120 रन देकर), उनका इकोनॉमी रेट 8.57 रहा।
- सुपर चार मैच में भारत के खिलाफ अपनी 'बंदूक दिखाने जैसे जश्न' के लिए आलोचना का सामना करने वाले सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने सात मैचों में 58 के सर्वोच्च स्कोर के साथ 217 रन बनाए। वह पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

चीन ओपन

## स्वियातेक ने जीता 400वां मैच, चौथे दौर में पहुंची

### अगले दौर में अमेरिका की ऐमा नवारो से भिड़ेंगी



एजेंसी ▶▶| बीजिंग

विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने कैमिला ओसोरियो को हराकर करियर की 400वीं जीत दर्ज की और चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बनाई।

डब्ल्यूटीए-1000 प्रतियोगिता में लगातार तीन साल 25 या इससे अधिक जीत दर्ज करने वाली पहली खिलाड़ी स्वियातेक ने कोलंबिया की ओसोरियो के 0-6 के स्कोर पर मुकाबले के बीच से हटने पर अगले दौर में प्रवेश किया। पिछले हफ्ते सियोल में कोरिया ओपन का खिताब जीतने वाली शीर्ष वरीय स्वियातेक ने चार बार फ्रेंच ओपन और एक बार अमेरिकी ओपन का भी खिताब जीता है। वह अगले दौर में अमेरिका की ऐमा नवारो से भिड़ेंगी।

### मीरा ने जेसिका को 6-4, 6-1 से हराया



अन्य मुकाबलों में चौथी वरीय मीरा आंद्रीवा ने जेसिका बोजास मनेइरो को 6-4, 6-1 से हराया जबकि मार्ता कोस्त्युक ने एलियकसांद्रा सेसनोविच को 6-4, 6-2 से हराया। नवारो जब लोइस बोइसन के खिलाफ 6-2, 1-0 से आगे चल रही थी तो फ्रांस की खिलाड़ी ने मुकाबले से हटने का फैसला किया। महिला प्रतियोगिता के साथ ही हो रहे एटीपी 500 पुरुष टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय यानिक सिनर ने फाबियान मारोजसान को 6-1, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इटली के 24 साल के सनिर अगले दौर में तीसरे वरीय एलेक्स डि मिनोर से भिड़ेंगे, जिन्होंने चोट के कारण जाकुब मेनसिक के 1-4 के स्कोर पर मुकाबले से हटने पर अगले दौर में जगह बनाई।

## जापान ओपन : शीर्ष वरीयता जोड़ी को हराकर फाइनल में बोपन्ना-युजुकी

एजेंसी ▶▶| टोकियो



भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और जापान के उनके जोड़ीदार ताकेरु युजुकी ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त क्रिश्चियन हैरिसन और इवान किंग की अमेरिका की जोड़ी को बेहद रोमांचक मैच में हराकर खिताबी मुकाबले का टिकट पक्का किया।

बोपन्ना और युजुकी ने धैर्य दिखाते हुए हैरिसन और किंग को 4-6, 6-3, 18-16 से हराया बोपन्ना और युजुकी ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में जोरदार वापसी की और फिर मैराथन सुपर टाई-ब्रेक में धैर्य बनाए रखा। उन्होंने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाकर मुकाबला अपने नाम किया। इस दौरान 44 वर्षीय बोपन्ना ने अपनी शानदार सर्विस का अच्छा इस्तेमाल किया, जबकि युजुकी ने शानदार रिटर्न और नेट के इस्तेमाल प्रभावित किया। इस जीत से बोपन्ना एक और फाइनल में पहुंच गए हैं। इससे पहले, 2025 में बोपन्ना का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन क्वीन्स क्लब में एटीपी 500 के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना था।

## क्रिस वोक्स ने क्रिकेट को कहा अलविदा



**लंदन।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने पिछले हफ्ते एशेज टीम में जगह नहीं मिलने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर वोक्स ने इंग्लैंड के क्रिकेटर के रूप में अपने 15 साल के करियर में 62 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 2034 रन बनाए और 192 विकेट लिए। वोक्स (36 वर्ष) ने 122 एकदिवसीय और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले, जिनमें उन्होंने क्रमशः 1524 और 147 रन बनाए। उन्होंने सफेद गेंद के प्रारुप में कुल 204 विकेट चटकाए। वोक्स ने कहा, 'वह क्षण आ गया है और मैंने फैसला किया है कि मेरे लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का सही समय आ गया है।' वोक्स ने अपना आखिरी टेस्ट मैच भारत के खिलाफ द ओवल में खेला था जब वह पांचवें टेस्ट में मेहमान टीम को श्रृंखला बराबर करने से रोकने की नाकाम कोशिश करते हुए अपनी बांह को पट्टी से बांधकर बल्लेबाजी करने आए थे। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड के लिए खेलना एक ऐसी चीज थी, जिसका मैं बचपन से ही सपना देखता था और मैं उन सपनों को जीने के लिए बेहद भाग्यशाली महसूस करता हूं।' वोक्स ने कहा, 'इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करना, 'थ्री लायंस' के ठप्पे वाली जर्सी पहनना और पिछले 15 वर्षों में टीम के साथियों के साथ मैदान साझा करना, ऐसी चीजें हैं, जिन्हें मैं बहुत गर्व के साथ याद करूंगा।' वोक्स इंग्लैंड की दो आईसीसी विश्व कप जीत का हिस्सा थे।


### ग्नजडिलोव का तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब

# डेनिस ने तोड़ा विश्व रिकॉर्ड, गोला फेंक में जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तटस्थ पैरालंपिक एथलीट (एनपीए) डेनिस ग्नजडिलोव ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन सोमवार को एफ40 गोला फेंक में दो बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के साथ स्वर्ण पदक जीता।

रूस के 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपने शुरुआती प्रयास में 10.66 मीटर की दूरी हासिल की लेकिन इसके बाद के उनके चारों प्रयास स्वर्ण पदक के लिए काफी थे। उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 11.85 मीटर की दूरी के साथ पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेइरो के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा और फिर अपने पांचवें प्रयास में इसमें सुधार करते हुए 11.92 मीटर की दूरी हासिल की। तोक्यो 2020 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ग्नजडिलोव का यह तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब है।




### दयावंती ने चक्का फेंक में हासिल किया चौथा स्थान

इस दौरान चुनौती पेश कर रहे भारतीय खिलाड़ियों में दयावंती ने सोमवार सुबह महिलाओं की चक्का फेंक एफ46 फाइनल में अपने आखिरी प्रयास में 27.94 मीटर का थ्रो करके चौथा स्थान हासिल किया। इस थ्रो से उन्होंने एशियाई रिकॉर्ड तो बनाया लेकिन वह कांस्य पदक विजेता अमेरिका की एलिसिया ग्युरेरो से 1.51 मीटर पीछे रह गईं। आयुष वर्मा पुरुषों की गोला फेंक एफ5 फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 7.23 मीटर का रहा जो कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी से 97 सेंटीमीटर कम था।

### पोलैंड पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा

यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस और बेलारूस पर प्रतिबंध के कारण इन दोनों देशों के खिलाड़ी एनपीए के तहत प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। छोटे कद के खिलाड़ियों की इस स्पर्धा में पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेइरो (11.31 मीटर) और इराक के गर्राह तनायश (10.86 मीटर) ने कांस्य पदक जीता। सोमवार सुबह को दो अन्य चैंपियनशिप रिकॉर्ड कायम हुए और इस दौरान पोलैंड पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। पुरुषों की गोला फेंक एफ53 फाइनल में पोलैंड के बार्टोस्ज गोरजाक ने 8.67 मीटर का थ्रो करके मीट रिकॉर्ड को अपने नाम किया। महिलाओं के चक्का फेंक एफ44 फाइनल में मैक्सिको की ओसिरिस एनेथ माचाडो ने 44.36मीटर के थ्रो के साथ चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। फौस्टिना कोटलोव्स्का ने महिलाओं की चक्का फेंक एफ 64 स्पर्धा में पोलैंड को दिन का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। इन दो स्वर्ण पदकों की मदद से पोलैंड पदक तालिका में चार स्वर्ण और चार कांस्य पदकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। वह ब्राजील (तीन स्वर्ण, पांच रजत, दो कांस्य) और चीन (तीन स्वर्ण, चार रजत, तीन कांस्य) से आगे निकल गया।

# विरासत

छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा

*बस्तर पर प्रकृति की अपार कृपा बरसी है। बस्तर पर प्राकृतिक सुंदरता का वरदान तो है ही यहां के निवासी भी भोले, सरल हृदय और बहादुर हैं। प्रकृति के बीच पले- बढ़े इन वनवासियों के लिए पेड़ पौधे, वन्य जीव में भी अपनत्व का भाव है। प्रकृति की गोद में जन्मे ऐसे ही एक बालक ने आज से सात दशक पहले पूरी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। वो बालक था चेंदरू मंडावी। चेंदरू और उसके बाघ शावक टेंबू की मित्रता ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। अपने समय मे सामान्य से दिखने वाले इस बच्चे की टेंबू नामक शेर से दोस्ती ने हॉलीवुड फिल्म निर्माताओं को फिल्म बनाने के लिए आकर्षित किया। चेंदरू और टेबू पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्मों ने देश दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था।*

## छत्तीसगढ़ का मोगली

# चेंदरू





## छिठियापारा में जन्म

नारायणपुर जिले के गढ़बेंगाल गांव के छिठियापारा में आदिवासी मंडावी परिवार के घर 1935 में एक बालक का जन्म हुआ। माता जुग्गो बाई ने बेटे का नाम प्यार से चेंदरू रखा । बालक चेंदरू का बचपन गांव के घने जंगलों,पर्वतों और नदी तालाबों के बीच शेर,चीता, भालू और अजगर से खेलते हुए बीता। शेर और उनके शावकों से दोस्ती करने में चेंदरू बचपन से ही माहिर था। चेंदरू अपनी मां जुग्गो बाई का बेहद लाड़ला था। अपने बचपन के बारे में चेंदरू ने एक बार बताया था कि सात-आठ साल की उम्र में पास ही के तालाब में मछली पकड़ने जाता था ।



## घोटुल में चेंदरू पर पड़ी नजर

इसी घोटुल में आदिवासी युवाओं, युवतियों को समझने के दौरान सक्सडॉर्फ की नजर एक आदिवासी बच्चे पर पड़ी। ये बच्चा ही चेंदरू था। ये बच्चा सक्सडॉर्फ दंपत्ति को बहुत प्यारा लगा। एक दिन जब नाच देखकर ये दंपत्ति अपने गेस्ट हाउस जा रहे थे तो एक व्यक्ति नारायणपुर में तालाब के पास बाघ शावक को लेकर नहाने के लिए पहुंचा। ये व्यक्ति शावक के साथ किसी पालतू जानवर की तरह दुलार पुचकार कर रहा था। ये देखकर सक्सडॉर्फ हैरत में पड़ गए। सक्सडॉर्फ ने उस युवक से शावक मांगा तो उसने मना कर दिया सक्सडॉर्फ ने हार नहीं मानी और घर जाकर युवक की मां से बाघ शावक को मांगा। उन्होंने युवक को समझाया कि शावक के छोटे रहने तक तो समस्या नहीं है, लेकिन बड़ा होने पर उसे मांस खिलाना पड़ेगा जो कि हम नहीं खिला पाएंगे क्योंकि हम ब्राह्मण परिवार से हैं। इस पर युवक ने सक्सडॉर्फ को बाघ शावक दे दिया। सक्सडॉर्फ ने बाघ शावक को देख-रेख के लिए चेंदरु के सुपुर्द कर दिया। चेंदरू अपने साथ ही बाघ शावक को रखने लगा। इसी बीच सक्सडॉर्फ के मन में एक फिल्म बनाने का विचार आया उनके पास कोई संसाधन नहीं थे।



# स्वीडन के अर्ने सक्सडॉर्फ ने परखा सात समुंदर पार चमका चेंदरू

गांव में परिवार के साथ गुमनामी के आलम में जीवन बीता ही रहा था लेकिन इसी बीच 1951 में स्वीडन के प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक अर्ने सक्सडॉर्फ आदिवासी जनजीवन पर अध्ययन करने के लिए नारायणपुर पहुंचे। दरअसल सक्सडॉर्फ के यहां तक पहुंचने के पीछे की वजह थे प्रसिद्ध मानवशास्त्री वेरियर ऐल्विन की लिखी आदिवासी जनजीवन पर किताबों और साहित्य को पढ़ने और उनसे मुलाकात के बाद सक्सडॉर्फ ने इस आदिवासी अंचल का रुख किया। बस्तर की घोटुल परंपरा को जानने की ललक बाहरी दुनिया को होती है कुछ ऐसी ही जिज्ञासा सक्सडॉर्फ और उनकी पत्नी को भी थी। सक्सडॉर्फ नारायणपुर पहुंचे और आदिवासी जनजीवन संस्कृति को नजदीक से जानने समझने की कोशिश करने लगे। सक्सडॉर्फ के मन में इन अनुभवों को संजोने के लिए एक किताब का किताब का खाका तैयार हो रहा था।

## चेंदरू बन गया हीरो

1951 में स्वीडन के प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक अर्ने सक्सडॉर्फ भारत पहुंचे। सक्सडॉर्फ प्रकृति के चित्रण और प्रकृति से जुड़ी रोमांचक गतिविधियों के छायाकंन और फिल्मांकन के लिए विख्यात थे। बस्तर के अबूझमाड़िया जंगलों की भयावहता और प्राकृतिक सौन्दर्य को एक साथ देखकर सक्सडॉर्फ भौंचक्के रह गए। बस्तर में वन भ्रमण के दौरान सक्सडॉर्फ की नजरें चेंदरू पर पड़ी जो बाघ से खेल रहा था । शेर उस बच्चे चेंदरु के लिए मानो खिलौने की तरह था। जैसे चेंदरू चाहता था वैसा बाघ वैसा ही करता था। इसके लिए चेंदरू ने किसी प्रशिक्षण या मंत्रतंत्र का सहारा नहीं लिया था। बस चेंदरू के पास था निश्छल भाव, अपनापन और जानवरों की मूकभाषा को समझने की क्षमता। बस इन्ही गुणों से उसने शेरों से दोस्ती कर ली। सक्सडॉर्फ ने चेंदरु पर एक किताब लिखने की सोची और बाद में डॉक्यूमेंट्री बनाने का फैसला लिया। सक्सडॉर्फ की पत्नी ने वन्य जीवन के करीब 12 हजार फोटो निकाले जो आगे जाकर सक्सडॉर्फ की डॉक्यूमेंट्री में इस्तेमाल किए गए। इस डाक्यूमेंट्री का नाम था 'चेंदरू द बाय एंड द टाइगर'। इस फिल्म को सन 1960 से लेकर नब्बे की दशक तक अनेक अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शित किया।



## स्वीडन की सैर पर टाइगर ब्वाय

फिल्म की पूरी शूटिंग बस्तर के जंगलों में हुई। फिल्म पूरी होने के बाद अर्ने सक्सडॉर्फ चेंदरू को अपने साथ स्वीडन ले गए। इस फिल्म की शूटिंग के बाद भी चेंदरू, अनेक महीनों तक स्वीडन में रहे। जहां जहां फिल्म लगती। चेंदरू, फिल्म की पूरी यूनिट के साथ जाता था। वहां जनता और मीडिया में हिन्दुस्तान का यह बालक बेहद लोकप्रिय हो गया था। वे चेंदरू को छूकर देखते थे। सक्सडॉर्फ, चेंदरू को गोद लेने के लिए तैयार थे। लेकिन कानूनी अड़चनों और फिर पत्नी से तलाक हो जाने के कारण चेंदरू को वापस भारत आना पड़ा, अर्ने सक्सडॉर्फ के साथ रहते रहते चेंदरू, शहरी कपड़े पहनने लगा था। सन 2001 में अर्ने सक्सडॉर्फ का देहान्त हो गया। उसके बाद चेंदरू मानो अनाथ हो गया। उसका गॉड फादर चला गया। इसके बाद चेन्दरू पर एक फोटो फीचर 'लंदन पेलेस' कोलिन्स स्टीफन जेम्स ने बनायी थी। यह फोटो फीचर भी चर्चा में रही। चेंदरू की ख्याति जब विदेशों में फैली तो देश के डॉक्यूमेंट्री निर्माताओं का ध्यान भी चेंदरू और बस्तर भी तरफ गया। जंगल सागा, चेन्दरू द टाइगर बॉय के 40 वर्षों के बाद नीलम और प्रमोद माथुर ने सुदूर बस्तर नाम से वृत्तचित्र बनाने की सोची। तब तक चेंदरू लगभा 50 बरस को हो चुका था।

## द जंगल सागा

चेंदरू को 3 फिल्मों में अभिनय करने क मौका मिला। इन दोनों फिल्मों में चेन्दरू का वन्य संरक्षण एवं पशु-पक्षियों के प्रति गहरे प्रेम को प्रदर्शित किया गया। ये तीनों फिल्में वृत्त चित्र है। ये फिल्में है 1. The Flute & the Arrow, 2. The Jungle Saga 3. The boy & The Tiger कहते हैं कि द जंगल सागा (जंगल गाथा) एवं द बॉय एण्ड द टाइगर एक जैसी फिल्में हैं। साल 1957 में अर्ने सक्सडॉर्फ ने स्वीडिश में 'एन द जंगल सागा' नाम से फिल्म बनाई थी, जिसे अंग्रेज़ी में 'दि फ्लूट एंड दि एरो' नाम से जारी किया गया था। इस फिल्म में 10 साल के चेंदरू ने बाघों और तेंदुओं के साथ काम किया था। फिल्म में लगभग 10 बाघ और आधा दर्जन तेंदुओं का उपयोग किया गया था। फिल्म में दिखाया गया था कि किस तरह चेंदरू का दोस्त गिंजो एक मानवभक्षी तेंदुए को मारते हुए खुद मारा गया और उसके बाद चेंदरू की किस तरह बाघ और तेंदुओं से दोस्ती हो गई। जब फिल्म का प्रदर्शन हुआ तो चेंदरू को भी स्वीडन समेत दूसरे देशों में ले जाया गया। साल 1958 में कॉन फिल्म फेस्टिवल में फिल्म प्रदर्शित हुई। चेंदरू फिल्म की वजह से महीनों विदेशों में रहे। इस फिल्म में पं. रविशंकर ने संगीत दिया था, लेकिन हालत ये थी कि रविशंकर अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्षरत थे और उस समय उन्हें चेंदरू के संगीतकार के तौर पर जाना जाता था।

30 सितंबर रात 7.55 बजे

### जिज्ञासु व साहसी चेंदरू प्रकृति से हमेशा जुड़ा रहा



चेंदरू का जन्म सन 1935 में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के गढ़बेंगाल नामक गांव में हुआ था। बचपन से ही चेंदरू का स्वभाव जिज्ञासु, साहसी और प्रकृति से गहरा जुड़ा हुआ था। बचपन में ही उसका लगाव जंगली जानवरों, विशेषकर बाघ से हो गया। इसी विशेषता के कारण चेंदरू को आगे चलकर टाइगर बॉय और भारतीय मोगली के नाम से जाना गया।

**- रामविचार नेताम**, कृषि मंत्री (छ.ग.)

### बचपन से ही प्रकृति और जंगल से गहरा लगाव



चेंदरू का जन्म गढ़बेंगाल के एक साधारण आदिवासी परिवार में हुआ था। बचपन से ही वह प्रकृति और जंगल से गहराई से जुड़ा हुआ था। मात्र 10 वर्ष की आयु में उसकी दोस्ती एक बाघ के बच्चे से हो गई। यह दोस्ती इतनी अनोखी और गहरी थी कि आगे चलकर चेंदरू को लोग टाइगर बॉय के नाम से जानने लगे।

**-केदार कश्यप, वन मंत्री (छग)**

### निर्भीकता, साहस और आत्मीयता का प्रतीक



केवल 10 वर्ष की आयु में चेंदरू की दोस्ती एक बाघ के बच्चे से हो गई थी। यह रिश्ता सिर्फ खेल–खिलौने या उत्सुकता का नहीं था, बल्कि निर्भीकता, साहस और आत्मीयता का प्रतीक था। चेंदरू ने बाघ के बच्चे के साथ जिस सहजता से जीवन बिताया, वह अपने आप में अनोखी घटना थी। इसी वजह से लोग चेंदरू को छत्तीसगढ़ का मोगली कहने लगे।

**-महेश कश्यप**, सांसद बस्तर

### चेंदरू की कहानी से वन्य जीव संरक्षण की शिक्षा



चेंदरु की कहानी हमें शिक्षा देती है कि किस तरह आदमी और वन्य जीव अच्छे मित्र भी हो सकते हैं । हमें वन्य जीव और पर्यावरण संरक्षण के लिए इससे बेहतर मिसाल कही नहीं मिल सकतीं । नारायणपुर के एक सामान्य से परिवार से आने वाले चेंदरु ने अपने जीवन के जरिए समाज को एक बड़ा संदेश दिया है। फिल्मों में चेंदरु ने नाम कमाया, सात समुंदर पार भारत और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया।

**-राजेश अग्रवाल**
संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

### चेंदरू के जीवन का बाघ अहम हिस्सा रहा



चेंदरू छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल का रहने वाला एक आदिवासी बालक था। उसे बस्तर के लोग टाइगर बॉय भी कहते थे क्योंकि बाघ टैंम्बू सके जीवन का हिस्सा बन गया था। विदेशी पत्रकार और लेखक सक्सडॉर्फ ने चेंदरू की कहानी को पुस्तक और फिल्म के रूप में प्रस्तुत किया। 1960 के दशक में जब चेंदरू की कहानी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिल्माई गई, तब तकनीक, संसाधन और ग्रामीण इलाकों में शूटिंग करना बहुत कठिन था।

**-हेमंत पाणिग्रही**, वरिष्ठ पत्रकार

### समाज के रीति-रिवाजों से गहरा जुड़ाव था



बचपन में चेंदरू आदिवासियों के श्रृंगार से हर समय सजा रहता था उसके लंबे घुंघराले बाल उसकी सबसे बड़ी खूबसूरती थे। जिन्हें देखकर हर कोई आकर्षित हो जाता था। उसकी वेशभूषा और पहनावे में भी पारंपरिक गोंडी संस्कृति की झलक साफ दिखाई देती थी। चेंदरू को अपने समाज के रीति-रिवाजों से गहरा जुड़ाव था। वह घोटूल का लोकप्रिय सदस्य था ।

**-शिवकुमार पांडेय**, साहित्यकार

### बस्तर को दिलाई विश्व में पहचान



फिल्म **Tiger Boy** और पुस्तक **Chendru – The Boy and the Tiger** ने चेंदरू को विश्व प्रसिद्ध कर दिया। चेंदरू बस्तर का प्रतीक बन गया और उसकी कहानी ने यह संदेश दिया कि आदिवासी समाज और प्रकृति का रिश्ता कितना गहरा और आत्मीय होता है। उस दौर में किसी भारतीय आदिवासी बालक की कहानी का अंतरराष्ट्रीय फिल्मी मंच पर पहुंचना अपने आप में उपलब्धि थी।

**-राजेंद्र सिंह ठाकुर**, वरिष्ठ चित्रकार

# प्रकृति से हारा 'प्रकृतिपुत्र'

चेंदरू को जहां डॉक्यूमेंट्री बनने के बाद से देश दुनिया में पहचान मिली ,वहीं जीवन के आखिरी समय में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सेहत से जुड़ी समस्याओं के कारण अस्पताल में एडमिट होना पड़ा। जीवन यापन के लिए चेंदरू के बेटे खेती-बाड़ी करते रहे। रहने के लिए परिवार के पास एक अस्थाई झोपड़ी थी जो 2010-2011 में आई बाढ़ में बह गई। प्रकृतिपुरुष, प्रकृति के सामने ही लाचार होकर रह गया । उस पर लकवे की बीमारी से चेदरू आर्थिक मानसिक और आर्थिक रुप से पूरी तरह टूट गया था। ऐसे विपरीत समय में चेंदरू का साथ दिया तत्कालीन पीएचई मंत्री केदार कश्यप सहित कई लोगों ने चेंदरू के तबीयत की जानकारी मिलते ही तत्कालीन पीएचई मंत्री केदार कश्यप ने 25 हजार की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। सोशल मीडिया के माध्यम से जब एक जापानी महिला को चेंदरू के सेहत की जानकारी मिली तो उसने 1 लाख 17 हजार रुपए का चेक अगस्त 2013 में भेजा था।



# चेंदरू ने 78 साल की उम्र में दुनिया को कह दिया अलविदा

स्वीडन से लौटने के बाद चेंदरू सामान्य रुप से जीवन नहीं जी पाया। मानसिक हालत कई बार ऐसी हो जाती थी कि शर्ट पेंट पहने व्यक्ति को देखते ही चेंदरू जंगल की दौड़ लगा देता था। शहरी लोगों को देखकर डर और घबराहट ने उसे बाहरी दुनिया से अलग कर दिया था । शराब के सेवन ने शरीर को खोखला कर दिया था। पैरालिसिस के अटैक के बाद इलाज कराने में घर का सारा पैसा खर्च हो गया । ऐसे में डॉक्यूमेंट्री से मिले पैसों ने बहुत दिनों तक संबल दिया । तबीयत दिन ब दिन बिगड़ते जा रही थी । खराब तबीयत के बावजूद चेंदरू को वन्य जीवों विशेषकर बाघों की चिंता रहती थी। बीमारी और परेशानी भरे हालात के बीच चेंदरू ने साल 2013 में 78 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके चले जाने के बाद राजधानी रायपुर में जंगल सफारी में टेम्बू और चेंदरू की मूर्ति स्थापित की गई. साथ ही नारायणपुर में चेंदरू के नाम पर पार्क भी मौजूद है। भले चेंदरू इस दुनिया में नहीं रहे लेकिन आज भी उनकी चर्चा बस्तर वासियों के हर जुबान पर होती है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com